CMYK

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, सोमवार 4 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 250 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब ड्रोन उड़ाया, तो गैंगस्टर व एनएसए की होगी कार्रवाई पेज 2



क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरी: यशस्वी जायसवाल खेल टाइम्स



ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट सम्पादकीय



ट्रम्प ने 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे पेज 12

## अब पूरे देश में लागू हो यूसीसी: डीवाई चंद्रचूड़



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता की इच्छा व्यक्त की गई है। संविधान के 75 साल बाद अब समय है कि इस लक्ष्य को हासिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह कदम देश की सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लेकर ही उठाया जाना चाहिए। पूर्व सीजेआई कांग्रेस सांसद शशि थरूर की नई किताब 'ऑवर लिविंग कॉन्सटीट्यूशन' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश को स्थिरता प्रदान करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। यह संविधान विभिन्न समुदायों, धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में गढ़ता है। संविधान पर कथित खतरे और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की चिंता पर उन्होंने कहा कि संविधान हमेशा के लिए है। पिछले 75 वर्षों में शासन, महामारी और आंतरिक-बाहरी चुनौतियों के कई दौर आए, लेकिन संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया। 11 जुलाई को पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है।

**पूर्व सीजेआई बोले-सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लिया जाए, संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया**

## गोंडा: बोलेरो नहर में गिरी, 11 लोगों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**गोंडा।** उप्र के गोंडा जिले में तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर रविवार सुबह 10 बजे सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि दो पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार ही खत्म हो गया।

ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर में गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर शेष पृष्ठ दो पर

**जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे एक ही परिवार के लोग, 10 साल की बच्ची अभी लापता**

### पीएम ने दो-दो लाख व सीएम ने पांच-पांच लाख मदद देने का किया ऐलान

**गोंडा।** गोंडा में हुए इस भयावह व भीषण हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताते हुए जहां मृतकों के परिजनो को दो-दो लाख देने का ऐलान किया, वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की सहायता की घोषणा की है।

### बांग्ला को बांग्लादेशी भाषा कहा दिल्ली पुलिस ने

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को बंगा भवन को लिखे एक सरकारी लेटर में बांग्ला भाषा को बांग्लादेशी भाषा बताया। इसमें लिखा था कि अवैध रूप से भारत में रह रहे 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद डॉक्यूमेंट्स बांग्लादेशी भाषा में हैं। ऐसे में आगे की जांच के लिए बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा का एक आधिकारिक अनुवादक उपलब्ध कराएं। इस लेटर पर सवाल उठाते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली पुलिस की यह कोई छोटी-मोटी गलती नहीं है। यह भाजपा की बंगाल को बदनाम करने, हमारी सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने और बंगाल को बांग्लादेश से जोड़कर राजनीतिक फायदा उठाने की एक सोची-समझी साजिश है। यह संविधान के आर्टिकल 343 और 8वीं अनुसूची का उल्लंघन है। बांग्लादेशी नाम की कोई भाषा नहीं है।

### यूपी में नदियां उफान पर, 12 जिलों में बाढ़ के हालात

**नई दिल्ली।** उप्र में तेज बारिश के कारण 12 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इनमें प्रयागराज, काशी जिले शामिल हैं। वाराणसी और प्रयागराज में गंगा का पानी एक लाख से अधिक घरों में घुस गया है। प्रयागराज में बाढ़ में अपने बच्चे को गोद में लेकर निकले माता-पिता का वीडियो सामने आया है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर बह रहा है, खतरे का निशान 71.4 मीटर है।

### प्रज्वल की अब नई पहचान कैदी नंबर-15528

**बेंगलुरु।** पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना बेंगलुरु की अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी नंबर 15528 बन गए हैं। रेवन्ना ने जेल में अपनी पहली रात बिताई।

## टैरिफ के बाद भी भारत का अमेरिका से तेल इंपोर्ट दोगुना

### अप्रैल-जून में भारत ने 32 हजार करोड़ का क्रूड ऑयल खरीदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अप्रैल में ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एक न्यूज एजेंसीने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बाद में इसे 90 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून 2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल -शेष पृष्ठ दो पर

**फिर भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पेनल्टी लगाई**



### स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है: मोदी

**नई दिल्ली। पीएम** मोदी ने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला में देश के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा है कि यह देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है।

श्री मोदी ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और हमारे नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है। उन्होंने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला के एक पोस्ट के जवाब में यह प्रतिक्रिया की। प्राधिकरण ने अपनी पोस्ट में कहा है कि हरित नवाचार के साथ प्रगति को गति! दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला ने बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र कांडला में गर्व से शुभारंभ किया। हमारे पीएम मोदी के नेट-जीरो विजन की दिशा में एक शक्तिशाली कदम। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में स्वदेशी रूप से निर्मित एक मेगावाट क्षमता वाले हरित हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया था।

### ईसी को लेकर जनता में संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के उप नेता और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने रविवार को चुनाव आयोग (ईसी) की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में खुलकर चर्चा हो, लेकिन सरकार इसे टाल रही है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश: 40 शवों की पहचान पर संदेह

**अहमदाबाद/लंदन।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई। इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत परिवारों को दें।

## एनसीपी-शरद के विधायक बोले: सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद किया

ठाणे, वार्ता

**एनसीपी ( शरद गुट )** के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया। सनातन धर्म नाम का कोई धर्म कभी था ही नहीं। इसकी विचारधारा विकृत है। हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तथाकथित सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्याभिषेक से वंचित रखा, छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम किया। इसके अनुयायियों ने ज्योतिराव फुले की हत्या की कोशिश की। आव्हाड ने कहा कि सावित्रीबाई फुले पर गोबर और -शेष पृष्ठ दो पर

**ऐसा कभी कोई धर्म नहीं था, सनातन धर्म ने शिवाजी महाराज के राजतिलक को नकारा**

## सैन्य अफसर ने स्पाइसजेट के 4 कर्मियों को पीटा

**एक की रीढ़ की हड्डी टूटी, दूसरे का जबड़ा, बेहोश हुए स्टाफ को लातों से मारता रहा**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई।

दूसरे का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा। घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं सेना ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) में तैनात है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। 26 जुलाई को स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी-386 श्रीनगर से दिल्ली जा रही थी। बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी बताया जा रहा है, उसने चार स्टाफ पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टाफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है। इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा। आरोपी अधिकारी ने एक्स्ट्रा पैसे -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### रुपये में 62 पैसे की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से बीते सप्ताह रुपया 62.50 पैसे (0.72 प्रतिशत) लुढ़क कर 87.1850 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। सप्ताह के पहले तीन दिन में ही भारतीय मुद्रा टूटकर 87.77 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गई थी। हालांकि अंतिम दो दिन मजबूती आने से यह 87.1850 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। इससे पहले के सप्ताह में भी रुपया 40 पैसे टूटा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली से भारतीय मुद्रा दबाव में रही। बीते सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुद्ध रूप से 158.795 करोड़ डॉलर की बिकवाली की। साथ ही, दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में अमेरिकी डॉलर सूचकांक के 100 के करीब पहुंच जाने से भी रुपए पर दबाव बढ़ा।

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जुलाई में भी बने रहे बिकवाल

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 5,538 करोड़ रुपए (63.4 करोड़ डॉलर) की पूंजी की निकासी की। वैश्विक अनिश्चिताओं के बढ़ने के बीच यह लगातार दूसरा महीना है, जबकि एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे। जून में उनकी ओर से शुद्ध रूप से 63.4 करोड़ डॉलर की निकासी की गई थी। जुलाई के पहले तीन सप्ताह में शुद्ध रूप से लिवाल रहे विदेशी निवेशकों ने आखिरी सप्ताह में जमकर बिकवाली शुरू कर दी थी। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क की घोषणा मानी जा रही है।

# यूपी के 55 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद व बिजनौर में बारिश व बिजली चमकने की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो



कई नदियां खतरे के निशान पर पहुंचीं, पूर्वी और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में झमाझम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है.। मौसम विभाग ने 55 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें लखनऊ, मऊ, गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, कुशीनगर, देवरिया, संत कबीर नगर, बस्ती, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, हरदोई और मुरादाबाद जैसे जिले शामिल हैं।

अगले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का खतरा भी बना हुआ है। प्रदेश में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण कई नदियां गंगा, यमुना, रामगंगा, गोमती, शारदा, और राप्ती, खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, और श्रावस्ती जैसे उत्तरी जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। निचले इलाकों में जलभराव की समस्या गंभीर हो सकती है, जिससे सड़कों पर यातायात बाधित होने और अंडरपास बंद होने की आशंका है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में मुरादाबाद 270 मिमी, संभल 210 मिमी, हरदोई 170 मिमी और बाराबंकी 320 मिमी भारी बारिश दर्ज की गई, जिसके कारण कई गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि शहरी क्षेत्रों में जलभराव, ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को नुकसान और कच्ची सड़कों को क्षति हो सकती है।

**वेस्ट यूपी में विशेष अलर्ट**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, संभल, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, मेरठ, बिजनौर में बारिश का विशेष अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, अम्बेडकर नगर में भी विशेष अलर्ट जारी किया गया है।

# भाजपा दुष्कर्मियों को संरक्षण देना बंद करे: अलका लांबा

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर दुष्कर्मियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां-जहां भाजपा सरकार है, वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगोघ के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं। मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस देशभर में हो रही दुष्कर्म की इन घटनाओं के खिलाफ तब तक विधानसभाओं और संसद सदस्यों का घेराव करती रहेगी जब तक आरोपियों को दंड नहीं मिलता है। सुश्री लाम्बा ने ओडिशा की दुष्कर्म की एक जघन्य घटना का जिक्र करते हुए कहा कि 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिदा जला दिया। बच्ची को दिल्ली एम्सलाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया। जब सवाल किया गया कि बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था। ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। मध्य प्रदेश विधानसभा में 2022 से 2024 के बीच राज्य में दलित और आदिवासी महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कहा कि 7,418 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। प्रधानमंत्री पर अपराधियों को शरण देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना ने कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। ये सब मालूम होते हुए भी मोदी ने उसके लिए प्रचार किया।

# यूपी में अंबेडकर तीर्थस्थल यात्रा योजना शुरू की जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो



केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने सीएम योगी को पत्र लिखा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर उत्तर प्रदेश में अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना शुरू करने की मांग की है।

अपने पत्र में चौधरी ने कहा है कि लोगों की डा. अम्बेडकर के प्रति सम्मान और अगाध प्रेम की भावना ने उनके जीवन से जुड़े स्थलों को तीर्थस्थल बना दिया है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए इन स्थलों का दर्शन अब भी व्यवहार्य नहीं है। इसलिए उनकी सहायता के लिए 'अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना' नाम से एक योजना शुरू अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों के दर्शन और भ्रमण को लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सकता है। योजना के अंतर्गत डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थी (महू-जन्मभूमि, लंदन-शिक्षा भूमि, दिल्ली-महापरिनिर्वाण स्थल, नागपुर-दीक्षा भूमि और मुंबई-चैत्य भूमि) के भ्रमण का प्रावधान किया जा सकता है। यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी।

## कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : सीएम योगी

# यूपी में ड्रोन उड़ाने वाले पर लगेगा एनएसए

लखनऊ, वार्ता



- दोषी पर गैंगस्टर भी लगाया जाएगा
- तकनीक का गलत प्रयोग नहीं होने दिया जाएगा

यूपी में अब ड्रोन के जरिये दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम योगी के कार्यालय ने दो टूक चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाया जाएगा।

कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के ड्रोन चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव और डीजीपी को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ड्रोन की दहशत के बाद अब प्रदेश सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो एनएसए भी लगाया जाएगा। प्रदेश में अब बिना इजाजत ड्रोन के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। निगरानी और सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन में पुलिस और प्रशासन पर भरोसा बना रहे। मुख्यमंत्री योगी ने तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों पर शिकंजा कसने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी तकनीक का गलत इस्तेमाल करते हैं उनसे सरकार सख्ती से निपटेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं हैं। बता दें कि देश में ड्रोन उड़ाने को लेकर सरकार की ओर से स्पष्ट नियम और कानून बनाए गए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय इन नियमों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। नियमों का पालन न करने पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो सकती है। नैनो ड्रोन यानी 250 ग्राम या उससे कम वजन वाले ड्रोन के अलावा सभी ड्रोन के लिए विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त करना जरूरी है। यह यूआईएन डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जो ड्रोन से संबंधित सभी सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम है। बड़े ड्रोन उड़ाने के लिए रिमोट पायलट लाइसेंस होना अनिवार्य है। नैनो ड्रोन और गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए माइक्रो ड्रोन उड़ाने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

**हवाई क्षेत्र को तीन क्षेत्रों में बांटा गया**

ग्रीन जोन : यहां कुछ शर्तों के साथ ड्रोन उड़ाने के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। इस क्षेत्र में 400 फीट (120 मीटर) तक ड्रोन उड़ाया जा सकता है। येलो जोन : इस क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के लिए संबंधित हवाई यातायात नियंत्रण प्राधिकरण से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है। हवाई अड्डे की परिधि से 8 से 12 किलोमीटर के बीच का क्षेत्र येलो जोन में आता है, जहां 200 फीट से ऊपर ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति चाहिए। रेड जोन : यह नो फ्लाय़ जोन है जहां केंद्र सरकार की अनुमति के बिना ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80695.15 | निफ्टी 24768.35 | सोना रु. 100502 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 115500 प्रति किलो



# आरबीआई की बैठक, वित्तीय परिणामों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी आयात शुल्क की चिंता में पिछले सप्ताह घरेलू शेयरों बाजारों में बिकवाली हावी रही और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पांच में से दो दिन बढ़त के साथ बंद होने के बावजूद 863.18 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 80,599.91 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी सप्ताह के दौरान 271.65 अंक (1.09 प्रतिशत) टूटकर 24,565.35 अंक पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार पांचवीं बार साप्ताहिक गिरावट में बंद हुई हैं। आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति बैठक पर होगी। तीन दिन की बैठक के बाद बुधवार को बयान जारी किया जाएगा। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम भी सप्ताह के दौरान आने वाले हैं। अमेरिकी आयात शुल्क के मद्देनजर निवेशक बाजार में आगे और स्पष्टीकरण का इंतजार करते हुए सतर्कता बरत सकते हैं। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह काफी उथल-पुथल वाला रहा। वैश्विक चुनौतियों के बीच निवेशकों ने घरेलू बाजार पर आश्रित कंपनियों में निवेश किया। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व तथा बैंक ऑफ जापान द्वारा आने वाले समय में दरों में वृद्धि के संकेत देने से निवेशकों की तत्काल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते सप्ताह ज्यादा शेयरों पर आधारित सूचकांकों में एनएसई के निफ्टी-100 में 292.50 अंक (1.15 प्रतिशत) की गिरावट रही और यह 25,149.60 अंक पर बंद हुआ।

### सोना और चांदी की कीमतों में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** रविवार को सुबह 9:20 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। इंडियन बुलियन एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 98600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88843 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी की कीमत 123000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। देश के बड़े शहरों मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 96,810 प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि दिल्ली में 96,640 प्रति 10 ग्राम था। वहीं कोलकाता में 96,680 प्रति 10 ग्राम, तो बेंगलुरु में 96,890 प्रति 10 ग्राम रहा। हैदराबाद में 96,930 प्रति 10 ग्राम, तो चेन्नई में सोने का भाव 97,100 प्रति 10 ग्राम था। रक्षा बंधन आने वाला है, ऐसे में सावन की शुरुआत के साथ ही सराफा बाजार से सोना चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 3 अगस्त को बाजार खुलने के साथ ही सोने की कीमत में इजाफा हुआ है, जबकि चांदी के भाव में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। यूपी के लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी, आगरा समेत अन्य शहरों में 3 अगस्त को सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# चावल-गेहूं में साप्ताहिक तेजी दालों व खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल और गेहूं के औसत भाव बढ़ गए। गुड़ और चीनी में भी साप्ताहिक तेजी रही। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत नौ रुपए चढ़कर सप्ताहांत पर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं भी नौ रुपए महंगा होकर 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 18 रुपए बढ़ी और यह 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया।

सरसों तेल के दाम में औसतन 260 रुपए की जबरदस्त साप्ताहिक तेजी देखी गई। मूंगफली तेल की कीमत 99 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 10 रुपए महंगा हुआ। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। सप्ताह के दौरान सोया तेल में पांच रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल छह रुपए और पाम ऑयल 12 रुपए प्रति क्विंटल की फिसल गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत दाम में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 58 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में भी 51 रुपए की बढ़त दर्ज की गई। वहीं तुअर दाल में 40 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। उड़द दाल करीब 14 रुपए और दाल मूंग 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 48 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी चार रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ के बाद...**

खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच ये आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई 2025 में जून के मुकाबले 23 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से आया। भारत के कुल तेल आयात में भी अमेरिका की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत तक पहुंच गई। 30 जुलाई को ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत हमेशा से अपनी ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है। ये सब तब हो रहा है, जब हर कोई चाहता है कि रूस-यूक्रेन की जंग रुके। ये सब ठीक नहीं है। इसलिए, भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से व्यापार पर पेनल्टी भी देनी होगी। भारत अभी रूस से अपनी जरूरत का करीब 40 प्रतिशत तेल इंपोर्ट करता है।

**गोंडा: बोलेरो...**

उनकी मौत हो गई। गाड़ी नहर के किनारे बनी सड़क से निकल रही थी। नहर क्रॉस करके जाना था। पुलिया के पास अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा। स्पीड तेज और बारिश होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिरने लगी, तो ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे दो लोग भी बाहर आ गए। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। हादसा रविवार सुबह 10 बजे इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे के बाद के कई वीडियो सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हुई हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे हैं।

**एनसीपी-शरद के...**

गंदगी फेंकी गई। इसी सनातन धर्म ने शाहूजी महाराज की हत्या की साजिश रची। इसने डा. बीआर अंबेडकर को पानी पीने और स्कूल जाने तक नहीं दिया। आव्हाड ने ये भी कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ही थे, जो सनातन धर्म के खिलाफ उठे, मनुस्मृति को जलाया और उसकी दमनकारी परंपराओं को खारिज किया। आव्हाड का ये बयान मालेगांव ब्लास्ट के सभी 7 आरोपियों को बरी किए जाने और भगवा आतंकवाद पर जारी राजनीतिक बहस के बीच आया है। महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितम्बर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया था।

**सैन्य अफसर...**

देने से मना कर दिया। इसके बाद वह बोर्डिंग प्रोसेस पूरी किए बिना ही जबर्दस्ती एयरोब्रिज में घुस गया। यह सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का उल्लंघन था। जब स्टाफ ने आरोपी को रोकने की कोशिश की तो उसने पीटना शुरू कर दिया। बगल में रखे एक स्टैंड से कर्मचारी पर हमला कर दिया। उन्हें लात-घूंसे भी मारे। कुछ के जबड़े में भी चोट आई। स्पाइसजेट का एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री बेहोश कर्मचारी को लात मारता रहा। बेहोश हुए कर्मचारी की मदद के लिए नीचे झुकते समय एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर जोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। एयरलाइन ने बताया कि, आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया गया है। स्पाइसजेट ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर अपने कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले की जानकारी दी है और यात्री के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। एयरलाइन ने हवाई अड्डे के अधिकारियों से घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया है।

# स्वदेशी वस्तुओं को लेकर 10 से कैट का राष्ट्रव्यापी अभियानः खंडेलवाल



**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' की अपील को समर्थन देते हुए घोषणा की है कि 10 अगस्त से इस संबंध में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है।

यहां आयोजित कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में रविवार को यह निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में देश के 26 राज्यों के 150 से अधिक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम 'भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान' रखने का निर्णय लिया है और कहा है कि प्रधानमंत्री की यह अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा देंगे, तो इससे न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार भी सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सावन का अन्तिम सोमवार आज, हाइवे पर उमड़े कांवड़िये



**आस्था**

**चाकेश्वर मंदिर पर रहेगी सर्वाधिक भीड़, पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता**

### बीस फिट ऊंची प्रतिमा करेगी आकर्षित

प्रसिद्ध चाकेश्वर धाम शिव मंदिर में भगवान शंकर बीस फिट ऊंची प्रतिमा का विशेष आकर्षण रहता है। श्रद्धालु यहां पर पूजा अर्चना के साथ साथ फोटो आदि भी क्लिक कराते हैं और सोशल मीडिया पर भी वायरल करते हैं।



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** भगवान शिव की भक्ति को समर्पित माने जाने वाले सावन माह के चौथे व अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक होगा। चाकेश्वर मंदिर पर सर्वाधिकभीड़ देखने को मिलेगी, पुलिस ने मंदिरो पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। वहीं रविवार को दिन भर हाइवे से होकर कांवड़ियों के जत्थे गुजरते रहे। पैदल कांवड़ियों के साथ साथ डाक कांवड़ों की भी काफी संख्या देखने को मिली।

रविवार को बारिश के बाबजूद कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। दूर दूर तक कांवड़ियों ही दिखाई दे रहे थे। डाक कांवड़ों के साथ साथ पैदल कांवड़िए भी काफी संख्या में रहे, हालांकि रामपुर व मुरादाबाद के पैदल कांवड़िए तो बीते दिन ही जनपद की सीमा से निकल गए थे मगर रविवार को डाक कांवड़ो की संख्या काफी रही। डीजे पर भगवान शंकर के भजनों की धूम मची रही। बोल बम, हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजतस रहा। कांवड़ जत्थों में सुन्दर झांकियां भी सम्मिलित रहीं। सीओ अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने कांवड़ मार्ग का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निर्धारित स्थानों पर पुलिस पिकेट मुस्तैद रही।

### कांवड़ियों को पानी व फ्रूटी की बोतलें बांटी

नगर के बैंक कॉलोनी निवासी युवा समाजसेवी मयंक वर्मा ने अपने परिवार के साथ हाइवे से होकर गुजर रहे कांवड़ियों को जल व फ्रूटी वितरित की और कांवड़ियों को सत्कार किया। इस मौके पर नौबहार वर्मा, मानसी वर्मा, चंचल वर्मा, प्रीति वर्मा, चारू वर्मा, मोक्ष मौजूद रहे। वहीं हाइवे पर कई स्थानों पर समाजसेवियों ने कांवड़ियों की सेवा की।

# सावन के आखिरी सोमवार को लेकर उत्साह

### बम भोले के जयकारों से होगा जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** सावन के आखिरी सोमवार को लेकर भक्तों में खास उत्साह नजर आ रहा है। जबकि कांविड़ये भी अपनी मंजिल पर देर सांय तक पहुंच चुके थे। दिन की शुरूआत होते ही मंदिरों में जल चढ़ाने वालों की भीड़ लगनी शुरू हो जायेगी।

आज सावन माह का आखिरी सोमवार है। जिसे लेकर भक्तों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। जबकि कांवड़िये भी तेजी से मंजिल की ओर कदम बढ़ा रहे थे। बम भोले के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। दिन ही शुरूआत होते ही भोले के भक्त अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ जल चढ़ाने के लिए शिवालयों में लाइन में लग जायेंगे तथा भगवान भोले शंकर से परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। चूंकि यह सावन का आखिरी सोमवार है। इसे लेकर प्रशासन भी पूरी तरह चौकस है। सारा दिन मन्दिरों पर तैयारियों का जायजा लिया गया। किस लाइन में महिला कांवड़ियों को लगाया जायेगा जबकि किस लाइन में पुरूषों को। आखिरी सोमवार को लेकर शहर में भी खासी रौनक दिखाई दी। उधर सावन के आखिरी सोमवार को लेकर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने इंटर कालेजों में विशेष अवकाश घोषित किया है।

**जिलाधिकारी ने किया विशेष अवकाश घोषित**

# रंजिश में युवक पर किया जानलेवा हमला

### चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** रंजिश के चलते युवक से मारपीट की, धारदार पलटा मारकर लहुलूहान कर दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर अब्बू की है। बीती 31 जुलाई की शाम यहां रहने वाला युवक आसिफ गांव में अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसका आरोप है कि पुरानी रंजिश में पड़ोस में हलवाई की दुकान करने वाले सगे भाई रहीस, नाजिर, हाशिम व अबुशाद ने दुकान के बाहर खड़े होकर बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। आसिफ ने जब विरोध किया तो हाशिम व अबुशाद ने अपनी दुकान से धारदार पलटा निकालकर अचानक हमला कर दिया। चेहरे व सिर का बचाव करने में पलटा हाथ में लगने से आसिफ लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा होती देख आरोपी आईंदा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# शिवभक्त कांवड़ियों पर की गई पुष्पवर्षा

### बम बोले के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** रविवार को श्री शिव गंगा सेवा समिति सैदनगली के संस्थापक पंचू अग्रवाल के नेतृत्व में शिव भक्तों का 11 वां जत्था गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ गया। इस दौरान शिव भक्तों का अग्रवाल सभा पंजीकृत के द्वारा नगर के बाईपास मार्ग स्थित बैंक्विट हॉल पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया। और सभी शिव भक्तों को जलपान कराया गया। शिव भक्त सावन माह के चौथे सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

श्री शिव गंगा सेवा समिति सैद नगली के संस्थापक पंचू अग्रवाल के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से शिव भक्त गंगा धाम बृजघाट से गंगाजल लेकर सैदनगली को रवाना होते हैं। शिव भक्तों के जत्थे में डीजे की धुन पर भोलेनाथ के दीवाने नृत्य करते हुए चल रहे थे। वही भगवान भोलेनाथ एवं राधा कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों द्वारा दी जारी प्रस्तुति सभी का मन मोह रहा था। नगर के ब्लॉक तिराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विपिन सागर द्वारा अपने साथियों के साथ शिव भक्तों का स्वागत किया। इसके बाद अग्रवाल सभापंजीकृत के संयोजक गिरीश अग्रवाल के नेतृत्व में शिव भक्तों का स्वागत हुआ। इसके बाद सभी शिव भक्त भोले की मस्ती में अपनी गंतव्य की ओर रवाना हो गये।



हसनपुर। भोले के भजनों पर नृत्य करते शिव भक्त कांवड़िये।

# ओमान में हुए हादसे में नौगांवा के युवक की मौत

### कम्पनी में कारपेंटर का काम करता था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नौगांवा सादात।** ओमान की कम्पनी में कारपेंटर का काम करने वाले कस्बे के एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। परिजन शव घर लाने की तैयारी में जुटे हैं। जिसके लिए ओमान में स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों से सम्पर्क किया जा रहा है।



बस्ती के मोहल्ला फखरपुरा में स्व.शबीउल हसन का परिवार रहता है। पत्नी रेहाना खातून के अलावा परिवार में चार बेटे व एक बेटी है। उनका दूसरे नंबर का 32 वर्षीय बेटा शबाब हैदर ओमान की एक कंपनी में कारपेंटर था। वह ओमन के माबेला शहर में रहता था जबकि छोटा बेटा मोहम्मद आलम भी ओमान के रूवी शहर की एक बैकरी में नौकरी करता है। वहीं, शबीउल हसन के तीसरे बेटे मकबूल की दो साल पूर्व घर में ही करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। शबाब हैदर के परिवार में पत्नी नर्गिस के अलावा तीन बच्चों में एक बेटी व दो बेटे हैं। आठ महीने पहले ही परिवार संग छुट्टियां बिताकर ओमान लौटे शबाब हैदर की कंपनी में शुक्रवार को जुमे की छुट्टी थी लिहाजा वह किराए की टैक्सी में सवार होकर 40 किमी दूर रूवी शहर में रहने वाले अपने भाई मोहम्मद आलम से मिलने के लिए जा रहा था। बताया जा रहा है कि रास्ते में टैक्सी की एक कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में गंभीर घायल हुए शबाब हैदर को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, मौत की खबर मिलते ही यहां परि. जनों व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। परिजन अब शव घर लाने की कोशिश में जुटे हैं। इसके लिए ओमान में भारतीय दूतावास से संपर्क किया गया है।

# बीच रास्ते युवती को खींचकर बलात्कार का प्रयास

### नौकरी से लौटते समय दो भाईयों ने बुरी नियत से दबोचा, तीन पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंग भाईयों ने युवती के पिता को जमकर पीटा। जबकि आरो. पियों पर नौकरी कर रही युवती के साथ रास्ते में रोककर बदनियती से दबोचने का भी आरोप है। कोर्ट के आदेश पर दो नामजद समेत एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

यह मामला शहर के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाली एक महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। परिवार के गुजारे की मजबूरी में उनकी बेटी नौकरी करती है। आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले सगे भाई किशन व आकाश दबंग किस्म के हैं। युवती को आए दिन परेशान करते हैं। नौकरी पर आते-जाते समय दोनों रास्ते में रोकने के बाद अश्लील इशारे करने के साथ फब्तियां कसते हैं। पीड़िता ने जब इसकी शिकायत उनके पिता से की तो तीनों ने मिलकर मारपीट की। शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, लिहाजा आरो. पियों के हौसले बुलंद हो गए। घटना 7 मई 2025 की है। देर शाम में युवती नौकरी से अपने घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में मिले किशन व आकाश ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर रोक लिया। इसके बाद तीनों सड़क से खींचते हुए दुष्कर्म के इरादे से पास में ही एक फाटक के अंदर ले जाने लगे। विरोध के बीच खींचतान में युवती के कपड़े तक फट गए। आरोप है कि वहां से जान बचाकर घर की ओर भागते समय तीनों ने पीछे दौड़ लगाते हुए बीच सड़क ही बुरी नीयत से दबोच लिया। जमीन पर गिरे मोबा. इल को पैरों से कुचलने के बाद कुर्ते में रखे 330 रुपये व एक कुंडल लूट लिया। बमुश्किल आरोपियों के चंगुल से बचकर बदहवास हालत में जैसे-तैसे घर पहुंची युवती ने मां को आपबीती सुना दी। इसके बाद मां-बेटी ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने तब भी कोई कार्रवाई नहीं की। आखिर में पीड़िता ने इंसाफ के अदालत की शरण ली थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर मामले में आरोपी किशन व आकाश के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# चामुंडा में अतिक्रमण की भेंट चढ़ा तालाब

### पैदाइश और सौंदर्यकरण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला चामुंडा स्थित गाटा संख्या 176 मि0 (रकबा 0.162 है.) पर मौजूद तालाब अतिक्रमण और कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुका है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि कलाली मार्ग पर आए दिन गंदे पानी का जमावड़ा लग जाता है, जिससे राहगीरों और स्कूली छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं, फिसलन के कारण कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। इसी समस्या को लेकर नगर पालि. का के सभासद प्रशांक त्यागी, पूनम रानी और नूतन रानी ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए तालाब की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवाने और नगर पालिका से इसका सौंदर्यकरण कराने की मांग की। सभासद प्रशांक त्यागी ने कहा कि यह तालाब अब सिर्फ नाम का रह गया है, मौके पर इसकी हालत दयनीय है और जल्द कार्रवाई जरूरी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने ईओ धनौरा को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।



# तेज बारिश से गिरा बरामद, दम्पति समेत पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** देर रात तेज बारिश के कारण एक कच्चे मकान का बरामदा गिर गया। हादसे में मकान मालिक नन्हे पाल, उनकी पत्नी पिंकी और तीन बच्चों समेत पूरा परिवार घायल हो गया। हादसे के समय नन्हे पाल अपनी पत्नी पिंकी, बेटी आन्या और बेटों विनिकेत व छोटू के साथ बरामदे में सो रहे थे। अचानक शुरू हुई तेज बारिश के कारण बरामदे की कमजोर छत भरभराकर गिर पड़ी। छत गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच तथा उन्होंने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे परिवार को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, नन्हे पाल और उनके बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। जबकि उनकी पत्नी पिंकी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जा सकता है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक मदद मुहैया कराने की मांग की है। यह घटना कच्चे और कमजोर मकानों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है, खासकर बारिश के मौसम में। प्रशासन को ऐसे परिवारों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने चाहिये।



# धमकी के बीच बच्चों ने छोड़ा स्कूल जाना

### पीड़ित परिवार ने की एसपी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं। अपहरण की धमकी के बीच खौफ में बच्चों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। पीड़ित ने मामले में एसपी से शिकायत करते हुए आरो. पियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई संग परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सिरसा जट में मोहम्मद सरताज का परिवार रहता है। वह बस्ती में जनसेवा केंद्र चलाते हैं। बीती 27 जुलाई की सुबह वह बाइक पर सवार होकर गांव से जनसेवा केंद्र जा रहे थे। उनका आरोप था कि गांव के रास्ते में मिले 10-15 युवकों ने उन पर लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से अचानक हमला कर दिया था। बेरहमी से पीटते हुए बैग में रखे करीब 70 हजार रुपये भी लूट लिए थे। हमले में बुरी तरह लहूलुहान मोहम्मद सरताज ने चार आरो. पियों को पहचान लिया था। बाद में सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। मामले में पीड़ित ने चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मेडिकल के बाद परिजनों ने बेहतर उपचार के लिए मोहम्मद सरताज को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया था। पीड़ित का आरोप है कि थाना पुलिस की मिलीभगत के चलते आरोपी अभी भी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं। फैसले का दबाव बनाने के लिए बच्चों का अपहरण करने की धमकी दे रहे हैं। इसी खौफ में बच्चों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। मामले की शिकायत एसपी स्तर पर करते हुए पीड़ित मोहम्मद सरताज ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, पांच पर रिपोर्ट

**अमरोहा।** दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न किया गया। जबकि देवर पर गलत हरकत करने का आरा. `प है। पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। मामला शहर के एक मोहल्ले से जुड़ा हुआ है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने 20 फरवरी 2025 को अपनी बेटी की शादी शहर निवासी एक युवक के साथ की थी। हैसियत के मुताबिक दान-दहेज देकर बेटी को विदा किया था। आरोप है कि दहेज का सामान ससुराल पक्ष के लोगों की नजर में नहीं आया और अगले दिन से विवाहिता को कम दहेज लाने के ताने देने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते थे तथा मायके से पांच लाख रुपये नकद व कार दिलाने का दबाव बनाते थे। शुरुआत में घर बसाने के लिए विवाहिता प्रताड़ना सहती रही, मायके पक्ष के लोगों से भी कोई जिक्र नहीं किया। आरोप है कि इसी बीच 23 मई 2025 को देवर ने गलत नीयत से पकड़कर कमरे में ले जाने का प्रयास किया। विरोध करते हुए विवाहिता ने बमुश्किल खुद को बचाया। बाद में देवर की इस गलत हरकत की शिकायत करने पर पति व सास ने उल्टा मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता तभी से मायके में पिता के साथ रहती है। मामले में पति, सास-ससुर के अलावा देवर व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पुलिस के हाथ अभी नहीं लगा कोई अहम् क्लू

### कालेज गेट पर रुके बाइक सवार तीन संदिग्ध युवकों की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** हाशमी ग्रुप के चेयरमैन डा. सिराज उद्दीन हाशमी के परिवार से दो करोड़ रूपये की रंगदारी के मामले में अभी पुलिस अंधेरे में ही तीर चला रही है। फोन पर धमकी देने वाले आरोपी ने अपना नाम राहुल तथा खुद को लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। उसने वाट्सअप कॉल पुर्तगाल से की थी। पुलिस को एक बाइक पर सवार तीन युवकों पर शक है, क्योकि कालेज गेट पर यह बाइक दस सेकेंड के लिए रूकी थी।

शुक्रवार सुबह पुर्तगाल के नंबर से नगर के मुहल्ला काजीजादा निवासी हाशमी ग्रुप के चेयरमैन डा. सिरा. जुद्दीन हाशमी के बेटे डा. बुरहान हाशमी को धमकी दी गई थी। धमकी देने वाले ने खुद को लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य राहुल बताया था। साथ ही अपने भाई का नाम गैंगस्टर रोहित गोदेरा बताया था। राहुल ने बुरहान हाशमी से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। साथ ही रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना के बाद हाशमी परिवार दहशत में है। राहुल ने केवल बुरहान हाशमी को ही नहीं बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों व एक परिचित को भी काल की थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने नंबर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को अंतिम बार की गई काल में आरोपित राहुल ने शनिवार दोपहर दो बजे काल करने की बात कही थी। परंतु उसका नंबर लगातार बंद आ रहा है। न तो शनिवार व न ही रविवार को नंबर खोला गया है। हाशमी परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हालांकि पुलिस प्रत्येक बिंदु पर मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। इस कड़ी में एक नया मामला सामने आया है। शुक्रवार रात को हाशमी गर्ल्स डिग्री कालेज के सामने बाइक सवार तीन संदिग्ध युवक पहुंचे थे। उन्होंने कालेज के गेट के सामने से ही बाइक मोड़ ली। लगभग 10 सेकेंड के लिए वह रुके भी, लेकिन फिर वापस लौट गए। वह सीसीटीवी में कैद हुए हैं। अब पुलिस उनकी भी जांच कर रही है

**डा. सिराज उद्दीन हाशमी से दो करोड़ की फिरौती मांगने का मामला**



## एक नजर

### सड़क न बनने पर प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** गांव नसीरपुर के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर सड़क न बनाने व सफाई न कराने का आरोप लगाते प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। बताते चलें कि ब्लाक क्षेत्र के गांव नसीरपुर के ग्रामीण काफी समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कई बार प्रधान से इसकी मांग की। परन्तु हर बार उन्हें आश्वासन देकर छोड़ दिया जाता है। आज इसके विरोध में उन्होंने ग्राम प्रधान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया तथा जमकर नारेबाजी की। चेताया कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में रचित कुमार, सोनू, रामवती, केला देवी आदि शामिल रहीं।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवती फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** थाना क्षेत्र के कस्बा जोया के एक मोहल्ला निवासी किसान की 28 वर्षीय पुत्री के लापता। स्वजनों का आरोप है कि युवती इंस्टाग्राम के माध्यम से किसी अज्ञात युवक के संपर्क में आ गई थी और शुक्रवार दोपहर वह अचानक घर से गायब हो गई। स्वजनों ने युवती के सोशल मीडिया गति. विधियों को लेकर पहले ही आपत्ति जताई थी और कई बार उसे इंस्टाग्राम चलाने से मना किया था। युवती के अचानक गायब होने के बाद पिता ने डिडौली थाने में अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है। युवती को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# गन्ना भुगतान को लेकर किसानों का धरना जारी

## सरकार किसानों का भरोसा तोड़ रही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गन्ना भुगतान में हो रही देरी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (असली) का अनिश्चितक. ालीन धरना अब एक जन-ज्वाला में बदलता नजर आ रहा है। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम कार्यालय के सामने तीसरे दिन भी किसान उसी जोश और जज्बे के साथ डटे रहे। न दिन की परवाह, न रात का डरख्रधरना स्थल अब एक अस्थायी गांव में तब्दील हो चुका है, जहां भगौने में खाना बन रहा है, चारपाइयों पर नींद पूरी हो रही है और नारों से आसमान गूंज रहा है।

किसानों ने दो टूक कह दिया हैख्र अब कोई भरोसा नहीं, सिर्फ भुगतान चाहिए। धरना स्थल पर गन्ना किसानों की आवाज साफ सुनाई दे रही है। हम अपना हक मांग रहे हैं, खैरात नहीं! धरने में शामिल किसानों का कहना है कि कई बार आश्वासन दिए गए, तारीखें बदलीं, लेकिन भुगतान आज भी अधर में लटका है। धरना स्थल पर अब तख्तियां और पोस्टर किसानों के मन की बात कह रहे हैं गन्ना भुगतान दो, किसान को मत लूटो, जिम्मेदार कौन? हर गूंज सत्ता और सिस्टम से सवाल कर रही है। धरने को तीसरा दिन हो चुका है और अब यह एक सामाजिक संदेश में बदलता जा रहा है जब तक भुगतान नहीं, तब तक धरना यहीं! मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने गरजते हुए कहा, तीन बार धोखा खा चुके हैं अब और नहीं। पांच अगस्त हमारी आखिरी उम्मीद है, इसके बाद किसान खुद रास्ता तय करेंगे। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा, सिस्टम अगर अब भी सोता रहा, तो आंदोलन सिर्फ तेज नहीं, ऐतिहासिक होगा। तहसील अध्यक्ष कलुआ खां ने चेताया ये सिर्फ गन्ने की कीमत का सवाल नहीं, ये किसान की इज्जत और उसकी मेहनत का हिसाब है। हमने तंबू तान दिए हैं, चूल्हा जला दिया हैख्रअब यही घर है, यही मोर्चा। धरना स्थल पर जिला प्रवक्ता नरेश कुमार, गुरवचन सिंह, जसपाल सिंह गिल, देशराज सिंह खचेड़ू, दिनेश प्रधान, जगदीश यादव, केशव सिंह, नन्हे सिंह, श्यामवली यादव, प्रदीप सिंह, मनोज त्यागी, जन्म सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे और हर चेहरा एक ही बात कह रहा था अबकी बार आर-पार! अब देखना यह है कि क्या प्रशासन पांच अगस्त से पहले किसानों के धैर्य की परीक्षा खत्म कर पाएगा, या फिर आंदोलन की चिंगारी रेलवे ट्रैक तक जा पहुंचेगी।

# माता रानी के जयकारों से गूंजा मन्दिर परिसर

## हथियाखेड़ा में चामुंडा मन्दिर पर भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गांव हथियाखेड़ा में स्थित प्रसिद्ध चामुंडा मंदिर पर रविवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भक्तों ने माता रानी के जयकारे लगाये जिससे मंदिर का पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी हिस्सा लिया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गांव के कई प्रमुख लोगों ने सहयोग दिया। जिसमें ओमकार सिंह ठेकेदार, होते सिंह, राशन डीलर ओम प्रकाश सिंह, चंद्रपाल सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, कमल सिंह, भीमसेन, लक्ष्मीचंद, अशोक, चंद्रपाल सिंह मास्टर, को. शिंदर, धर्मपाल, नत्थन सिंह और कलुआ सिंह सहित कई लोग इस मौके पर मौजूद रहे। और भंडारे के सफल संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।गांव के बुजुर्गों ने बताया कि हर साल यहां पर माता के भक्तों के द्वारा इसी तरह का भंडारा आयोजित किया जाता है। इस प्रकार के आयोजन धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने और समाज में एकजुटता का संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# ई रिक्शा काट रहे युवक को पुलिस को सौंपा

## खेत में दे रहा था घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** खेत पर ई-रिक्शा काट रहे युवक को ग्रामीणों द्वारा पड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।पुलिस ई रिक्शा एवं आरोपी को कोतवाली ले आयी। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे ही एक उदाहरण कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में शनिवार की देर शाम सामने आया। जहां गांव के बराबर में स्थित एक खेत पर एक युवक ई रिक्शा को काट रहा था। जिससे गांव वालों को शक हुआ और उन्होंने युवक को पकड़ लिया। पकड़े गये युवक द्वारा अपना नाम दीपचंद पुत्र महिपाल बताया गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक एवं ई-रिक्शा को कोतवाली ले आई। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि दिल्ली से चोरी करके लाई गई ई रिक्शा को आरोपी द्वारा काटा जा रहा था जिसे सुचना पर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# पहले बेची कार, फिर कर ली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक व्यक्ति ने किसी दूसरे की कार को अपनी बताकर चार लाख 80 हजार की कीमत में बेच दिया और रात को चोरी करके ले गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। खरीददार ने आरा. ेपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के मुताबिक मौहल्ला सरस्वती विहार निवासी गौरव सिद्धू ने स्विफ्ट कार 2024 मॉडल ऑनलाइन मार्केट पैलेस से विश्वेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति से चार लाख 80 हजार में खरीदी। जिसमें गौरव ने चार लाख रूपये नकद व 80 हजार रूपये यूपीआई के माध्यम से दिए। बताते हैं कि विश्वेन्द्र सिंह ने एक चाबी तो तभी दे दी जबकि दूसरी चाबी के लिये विश्वेन्द्र ने कहा कि जिस दिन गाड़ी नाम कराएंगे उस दिन दूसरी चाबी दे देंगे। जिसके बाद गौरव सिद्धू ने गाड़ी अपने घर के सामने लाकर खड़ी कर दी। आरोप है कि 01 अगस्त की रात को कार चोरी हो गई। आरोप है कि विश्वेन्द्र ने ही दूसरी चाभी लगाकर कार चोरी की है। सीसीटीवी कैमरे में भी घटना कैद होने की बात बताई जा रही है। गौरव के मुताबिक आरोपी ने अपनी पहचान छुपाकर किसी दूसरे की गाड़ी को अपनी बताकर बेचा। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धोखाधड़ी में दो दोस्तों को एक साल की सजा

## 21 साल बाद आया कोर्ट का फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** धोखाधड़ी के 21 साल पुराने मामले में अदालत ने बिजनौर के रहने वाले दो दोस्तों को एक साल जेल की सजा सुनाई तथा 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। साल 2004 में गजरौला थाने में बिजनौर जिले के शेरकोट थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी मोहम्मद इलियास तथा मोहल्ला नई सराय निवासी शकील अहमद के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामला सीधे तौर पर पैसों के लेनद. ेन से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था तथा बाद में आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया था। फिलहाल, इस मुकदमे में मोहम्मद इलियास व शकील अहमद जमानत पर थे। करीब 21 साल से इस मुकदमे की सुनवाई अदालत में विचाराधीन थी। शनिवार को अदालत ने मुकदमे की आखिरी सुनवाई की। अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की जिरह के बीच पत्रावली व साक्ष्यों का अवलोकन किया। एसपी अमित कुमार आनंद के मुताबिक मोहम्मद इलियास व शकील को दोषी मानते हुए अदालत ने एक-एक साल जेल की सजा सुनाई तथा दोनों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया।

## एक नजर

### पालिका टीम ने आवारा कुत्तों को पकड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिर नगर पालिका ने अवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया। टीम ने उनकी नसबंदी भी करा दी। बताते चलें कि अवारा कुत्तों से नगर की जनता लगातार परेशान थी। आये दिन राह गुजरने वाले लोगों को कुत्ते परेशान कर रहे थे। लोगों ने इन्हें पकड़वाने के लिए अधिकारियों से शिकायत की। जिस पर रविवार को शहर में अवारा कुतों को पकड़ा गया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि जनता की परेशानी को देखते हुए पालिका द्वारा अभियान की शुरूआत कर दी गयी है। जो आगे भी जारी रहेगी।

### पिकअप की टक्कर में तीन बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये । घायलों की पहचान कनैटा निवासी फुरकान और उनकी पत्नी शाहिस्ता, और शकरगढी निवासी मोहम्मद शाहनवाज के रूप में हुई है। टक्कर के बाद, सब्जी से भरी पिकअप सड़क पर पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल शाहिस्ता को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया है और परिजनों द्वारा पिकअप चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले की जांच चल रही है।

### भाकियू बीआरएस के संयोजक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. विनोद नागर व उनकी टीम का भव्य स्वागत किया गयाघ्। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अधाना के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ताओं ने रहरा बाईपास पर फूल-मालाओं से उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह अधाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. योगेंद्र सिंह, और राष्ट्रीय सलाहकार उदयवीर सिंह शामिल थे. इनके अलावा, नेताजी अतीक अहमद, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, युवा राष्ट्रीय सलाहकार और जिला संरक्षक ओमपाल सिंह सोनू गुर्जर, नगर ब्लॉक अध्यक्ष नौ सिंह, निजाम,योगेंद्र अमीचंद चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस स्वागत समारोह के दौरान यूनियन के नेताओं ने किसान हित के मुद्दों पर चर्चा की और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि, पुरोहितों की झोपड़ियों तक पहुंचा पानी

**कठिनाई**

- **खादर क्षेत्र के गांव पानी से घिरे, फसलें जलमग्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा के पानी में लगातार दूसरे दिन वृद्धि होने से जलस्तर बढ़कर 200.30 मीटर गेज पर पहुंच गया है। शनिवार को बिजनौर बैराज से छोड़े गए लगभग अस्सी हजार क्युसेक पानी से पहले की आशंका थी कि रविवार को जलस्तर बढ़ जाएगा। जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के गांव पानी से घिरे हैं, गनीमत है कि आबादी के बीच पानी नहीं पहुंचा है लेकिन फसलें जलमग्न हैं, नाव से आवागमन में भी लोगों को परेशानी हो रही है और खतरा भी बढ़ा है। वहीं बाढ़ खंड विभाग द्वारा सभी बाढ़ चौकियों पर पूरी चौकसी बरती जा रही है।

**तिगरी में पुरोहितों की झोपड़ियों तक पहुंचा पानी**

तिगरी गंगा धाम में पूजा, अनुष्ठान की सेवाएं देने वाले पुरो. हितों की झोपड़ियों तक भी पानी पहुंच गया है, वहीं दुकानदारों की दुकानों तक भी पानी आया है। ये सभी झोपड़ियां और दुकानें अस्थाई होती हैं। बाढ़ खंड विभाग ने पुरोहितों व दुकानदारों से अपनी अपनी झोपड़ियां पानी से पीछे हटाने के निर्देश दिए हैं।

**ओसीता जगदेवपुर में जंगल मार्ग बना तालाब, किसान परेशान** ब्रजघाट दिशा में स्थित गांव कांकाठेर, ओसीता जगदेवपुर आदि में बाढ़ के पानी ने तालाब का रूप ले लिया है। इस जंगल मार्ग को पार करने के बाद ही किसान अपनी फसलों पर पहुंचते हैं। इस समय तालाब नुमा हो चुके इस मार्ग को पार करने के लिये किसान भैंसा बुग्गी, बैलगाड़ी आदि का सहारा ले रहे हैं।

बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि सभी बाढ़ चौकियां पूरी तरह से अलर्ट हैं। रविवार को जलस्तर बढ़कर 200.30 मीटर गेज पर पहुंचा है, हालांकि खतरे के निशान से दूर है।





**खादर क्षेत्र के कई गांवों के लोग होते हैं प्रभावित**

खादर क्षेत्र के ढ़ाकोवाली, शीशोवाली, टीकोवाली, मंदिर वाली भुड्डी, रूस्तमपुर, कांकाठेर, ओसीता जगदेवपुर, कबीरपुर आदि गांव गंगा के जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ जैसी समस्याओं से प्रभावित होते हैं। क्योंकि ये गांव बिल्कुल गंगा व रामगंगा पोषक नहर के पास हैं।

# जेई ने 15 हजार लेकर बिजली चोरी का मामला दबाया

## ऊर्जामंत्री की सख्ती का भी जेई पर कोई असर नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** कस्बे के बिजलीघर पर तैनात जेई राजीव कुमार के रोज रोज भ्रष्टाचार के नए खुलासे हो रहे हैं। ऊर्जामंत्री एके शर्मा की सख्ती का भी जेई पर कोई असर नहीं हो रहा।

बताते चलें कि कस्बे के बिजलीघर पर तैनात अवर अभियंता राजीव कुमार पर तमाम तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि वह हर समय बिजली चैकिंग में रहते हैं। क्योकि इससे उन्हें मोटी आमदनी होती है। वह लोगों को बिजली चोरी करते तो रंगेहाथ पकड़ लेते हैं परन्तु आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए पैसे लेकर मामले को दफादफा कर देते हैं। जिससे हर माह विभाग को लाखों रूपये राजस्व की हानि हो रही है। कुछ माह पूर्व जेई ने थाना क्षेत्र के गांव नौगांवा तगा में छापा मारा था। जहां उन्होने 15 हजार रूपये बिजली चोरी के मामले को दबा दिया। यही नहीं जेई बिना पैसा लिये लोगों के कनेक्शन भी नहीं करते। इसी गांव की असगर अली की पत्नी शहनाज बिजली कनेक्शन लेने के लिए भटक रही है। उसका कहना है कि उसके पास कोई बकाया भी नहीं है। परन्तु जेई बिना पैसा लिये कनेक्शन करने के लिए तैयार नहीं है। उधर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा लगातार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं परन्तु ऊर्जा मंत्री की सख्ती का जेई पर कोई असर नहीं पड़ रहा। कई सभासदों व सत्तारूढ पार्टी के नेताओं का आरोप है कि चैकिंग के नाम पर जेई अवैध वसूली कर चुके हैं।

# दिनभर हुई बूंदाबांदी से जनता हुई परेशान

## बाजार में भी सारा दिन रहा सन्नाटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सारा दिन हुई वर्षा से शहर की सड़कों की हालत बुरी तरह खराब हो गई। कोई रास्ता ऐसा नहीं था जहां कीचड़ से लोगों का निकलना मुश्किल न हो गया हो। हर कोई इससे बुरी तरह आहत नजर आया।

रविवार का दिन लोगों के लिये परेशानी लेकर आया। अचानक हुई वर्षा के कारण लोगों का परेशानी से बुरा हाल हो गया। कोई सड़क ऐसी नहीं थी जिस पर जनता को कीचड़ के बीच से गुजरना न पड़ा हो गया। हल्की बरसात में भी नगर के कई मौहल्लों में पानी भर गया। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गये। रिक्शा व आटो चालक ने भी जनता से मुंहमांगें पैसे वसूल किये। हर रास्ते पर कीचड़ व गंदगी ही नजर आ रही थी। सारा दिन यह सिलसिला चलता रहा। इसके अलावा बाजार में भी सन्नाटा छाया रहा। दुकानदार ग्राहक के इंतजार में दिखाई दिये। समाचार लिखे जाने तक आसमान में बादल छाये थे।

# लेखपाल की कार को ट्रक ने मारी टक्कर

## संघ के तहसील अध्यक्ष की कार क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे मंडी धनौरा तहसील के लेखपाल और तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव शनिवार को एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव के समीप तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विकास यादव भी घायल हो गए।

बताया गया कि लेखपाल विकास यादव तहसील से अपने निजी वाहन से घर की ओर जा रहे थे, तभी अचानक रास्ते मे एक ट्रक चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। राहगीरों की मदद से विकास यादव को प्राथमिक इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। घायल लेखपाल ने घटना की तहरीर नौगांवा सादात थाने में दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक नरेश कुमार पुत्र किशन सिंह निवासी दौलतपुर सूखा, जनपद बिजनौर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को भी कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद लेखपाल संघ में भी रोष व्याप्त है। साथी कर्मचारियों ने घटना को गंभीर मानते हुए प्रशासन से दोषी चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गनीमत रही कि लेखपाल विकास यादव की जान बच गई, वरना हादसा और भी गंभीर हो सकता था।

### सीओ-कोतवाल जनता को कर रहे जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक द्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव एवं नगर में आम जनमानस को जागरुक करते हुए जनता को वर्तमान समय में ड्रोन से जुड़ी सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही अफवाहों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। शनिवार की देर रात्रि कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर, मनौटा, मंगरौली, मांगरोल एवं नगर के कई मोहल्लों में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत एवं प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।पुलिस क्षेत्राधिकार द्वारा स्पष्ट किया गया कि ड्रोन सम्बन्धी कई प्रकार की भ्रामक जानकारियाँ एवं अफवाहें सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर फैलाई जा रही हैं। जो की असत्य एवं भ्रम उत्पन्न करने वाली हैं। जनता से अपील है की व ऐसे किसी भी फर्जी या अफवाहयुक्त संदेश को न तो शेयर करें और न ही इन पर विश्वास करें।

### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में पढ़ाया राष्ट्रभक्ति का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राष्ट्र सेविका समिति के गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने देश को समाज व जाति से ऊपर बताते हुए बहनों को राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाया। रविवार को नगर के मोहल्लाबस्ती स्थित अग्रवाल भवन में आयोजित राष्ट्र सेविका समिति के गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में विभाग कार्यवाहिका सरोज बाला ने राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना के बड़े में जानकारी देते हुए कहा कि समिति की स्थापना का उद्देश्य महिलाओं में एकता व राष्ट्रभक्ति की भावना प्रेरित करना है। इस मौके पर नगर कार्यवाहिका निशा सिंह, गीता गोयल, हिमांशी शर्मा, पंकज त्यागी, ऋषिबाला, रश्मि शर्मा, अलका शर्मा, विनीता गर्ग, नितिन बंसल, अंजलि सिंघल, प्रगति भारद्वाज, संतोष देवी आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गजरौला (अमरोहा)**

पत्रांक संख्या-675 न.पा.प.ग./क विभाग 2025 दिनांक 02/08/2025

**नोटिस अर्न्तगत धरा 147(2) उ.प्र.नगर पालिका अधिनियम, 1916**

नगर पालिका के कर अभिलेखों में मौहल्ला अवन्तिकानगर वार्ड संख्या 20 गजरौला में स्थित सम्पत्ति/भवन संख्या-04 प्रबन्धक, शिव इण्टर कॉलेज गजरौला तहसील धनौरा जिला अमरोहा का स्वामित्व का अध्यासन दर्ज है। उक्त सम्पत्ति/भवन में किरायेदार श्री हंसराज सिंह पुत्र श्री महताब सिंह निवासी गजरौला तहसील धनौरा जिला अमरोहा द्वारा सम्पत्ति कर जमा किया जा रहा है। किरायेदार श्री दक्ष भड़ाना पुत्र श्री योगेश कुमार निवासी मौहल्ला विजयनगर गजरौला तहसील धनौरा जिला अमरोहा ने किरायेदार श्री हंसराज सिंह पुत्र श्री महताब सिंह के स्थान पर किरायेदार श्री दक्ष भड़ाना पुत्र श्री योगेश कुमार का नाम दर्ज कराने के अभिलेख अनुबन्ध पत्र व प्रबन्धक शिव इण्टर कॉलेज गजरौला की प्रतिमाह फीस प्राप्ति रसीद प्रस्तुत कर सम्पत्ति/भवन संख्या 04 पर वर्तमान किरायेदार श्री दक्ष भड़ाना दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस सार्वजनिक नोटिस द्वारा सम्बंधितो को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रस्ताव पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, वह 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, नियत समय गुजरने के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही कर दी जाएगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला (अमरोहा)**

# नवनियुक्त मुख्य सचिव से मिले मौहम्मद कय्यूम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मेरठ प्रांत के संयोजक एवं भारत सम्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष मौहम्मद कय्यूम खान ने प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल से मुलाकात की और मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान मौहम्मद कय्यूम खान ने मुख्य सचिव को खादर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि विशेषकार बाढ़ के सीजन में खादर क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की समस्या से प्रभावित होते हैं, जिससे ग्रामीणो को जान-माल का भारी नुक्सान उठाना पड़ता है। समय रहते जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्या का समाधान करें, जिससे खादर क्षेत्र के ग्रामीणो को राहत मिल सके। इसके अलावा ग्राम पपसरा खादर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में स्टॉफ की समस्या से भी उन्होंने प्रमुख सचिव को अवगत कराया। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने भरोसा दिलाया कि जल्दी ही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी से वार्ता करके समस्या का समाधान कराया जायेगा।

# पिकअप ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, चालक की मौत




**सहसवान।** तेज गति से आ रहे पिकअप चालक ने ईटो से भरे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मारी जोरदार टक्कर जिसमें पिक अप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 8 बजे देवदीन कुशवाहा 25 वर्ष पुत्र रामस्वरूप कुशवाहा मध्य प्रदेश जिला छतरपुर ग्राम रजौली निवासी अपनी पिकअप गाड़ी से ग्रेटर नोएडा से माल को लोड करके बरेली के लिए जा रहा था तभी सहसवान इकबाल मैरिज होम के पास ईटो से लादे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से पिकअप चालक ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी की मौके पर ईटो से लदी ट्राली राजमार्ग पर ही पलट गई वही पिकअप चालक के गाड़ी का स्टेरिंग उसके सीने में लग गया जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटनास्थल पर पहुंचे राहगीरों इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल हुए युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालात को देखते हुए मृत घोषित कर दिया वहीं कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली व पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस ने मृतक के परिजनों को दे दी है।

# पुलिस ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कछला-शाहबाद हाइवे पर स्थित शेखुपुर चौराहे के निकट कछला गंगा घाट से जल भरकर लौट रहे कांवड़ियों पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह समेत पुलिस कर्मियों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों को जलपान कराया। कल सावन माह के आखिरी सोमवार को लेकर कावड़ियों की खासी भीड़ उमड़ रही है। आखिरी सोमवार को लेकर विभिन्न जगहों पर कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से अंबियापुर चौराहा, बदायूं चौराहा, रंजना तिराहा, सिरासोल स्टैंड पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। डीजे की धुन पर कावड़िए झूमते हुए नजर आए। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा मानव सेवा हर रूप में की जा सकती है, बस करने के लिए आप तैयार हो। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर बीके मौर्या, राममेहर सिंह, रामवीर सिंह, संजीव कुमार, सुंदर आर्य, संजय सिंह, राहुल कुमार, उर्जेश कुमार, मनोज सेंगर आदि मौजूद रहे।

# आहूजा ग्रुप द्वारा सावन के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का किया आयोजन

श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के एम - एफ हाईवे पर राकेश आहूजा ग्रुप द्वारा सावन माह के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए खास तौर पर हलवा, पूरी, आलू चने और जल का प्रसाद वितरण किया गया। शिवभक्तों और राहगीरों को पंक्तिबद्ध बैठाकर शांतिपूर्वक भोजन कराया गया। भक्तों ने भंडारे की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हुई और हर व्यवस्था उत्तम रही। भंडारे के आयोजक संजय वार्ष्णेय ने बताया कि बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद यदि इसी प्रकार बना रहा तो भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे। इस अवसर पर संजय वार्ष्णेय, डीपी सिंह, प्रदीप गुप्ता, हरीश गुप्ता, अमित कुमार, आदेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता टिल्लू बाबू, डॉक्टर संजय गुप्ता, रामबाबू, राजेश भारद्वाज, विजय यादव, के के शर्मा, बंटी शर्मा, विनय उपाध्याय, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# शकील बदायूंनी ने बदायूं जनपद का नाम सम्पूर्ण संसार में किया रोशन: अमन मयंक शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** गौरव क्लब,शकील बदायूँनी स्मृति क्लब एवं बदायूँ गौरव महोत्सव संस्था के संयुक्त तत्वाधान में हिंदुस्तान के प्रख्यात गीतकार शकील बदायूँनी की जयंती मनाई गई। बदायूँ गौरव क्लब एवं शकील बदायूँनी स्मृति क्लब के मुख्य सचिव भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा ने बताया कि संस्था के पदाधिकारियों ने शकील बदायूँनी पार्क की साफ सफाई की।बदायूँ गौरव क्लब एवं शकील बदायूँनी स्मृति क्लब के मुख्य सचिव भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा ने शकील बदायूँनी की प्रतिमा को जल से स्नान करवाया।संस्था के पदाधिकारियों ने शकील बदायूँनी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर शकील बदायूँनी को याद किया। बदायूँ गौरव क्लब एवं शकील बदायूँनी स्मृति क्लब के मुख्य सचिव भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा ने कहा कि शकील बदायूँनी ने पूरी दुनिया मे बदायूँ जनपद का नाम रोशन किया है।शकील बदायूँनी ने अपने गीतों से फिल्मी दुनिया में एक विशेष पहचान बनाई एवं पूरे विश्व में अपने गीतों से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया है।वरिष्ठ शायर एवं बदायूँ गौरव क्लब के संरक्षक अहमद अमजदी बदायूनी ने कहा कि शकील बदायूँनी अपने गीतों से हमेशा अमर रहेंगे।जब तक दुनिया है तक तब शकील बदायूँनी के लिखे हुए गीत गाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि बदायूँ जनपद की पहचान शकील बदायूँनी के नाम से है।

आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक हिलाल बदायूनी ने कहा कि शकील बदायूँनी जैसी शख्सियत सदियों में एक बार ही जन्म लेती हैं।शकील बदायूँनी ने लगातार 3 वर्ष बॉलीवुड का सबसे बड़ा अवार्ड फिल्मफेअर अवार्ड जीता था। बदायूँ गौरव क्लब के सहसचिव गौरव पाठक ने कहा कि बदायूँ गौरव क्लब एवं शकील बदायूँनी स्मृति क्लब के द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार शकील बदायूँनी की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित कर उनको श्रदांजलि दी जा रही है।

इस वर्ष भी नवम्बर माह में शकील बदायूँनी की याद में शकील कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन प्रस्तावित है। इस अवसर पर कुनाल सक्सेना,अच्छन खां, गौरव पाठक, रितेश उपाध्याय,विभांशु दत्त ,नीरज शर्मा, शारिक् , फैज् आदि मौजूद रहे।

# भव्य भंडारे का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**म्याऊं।** उन्नति प्रेरणा महिला उद्योग के तत्वावधान में कस्बा म्याऊं में भव्य भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख दातागंज अतेंद्र विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष ओमपाल सिंह राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष रामू सिंह एवं समाजसेवी डॉक्टर चक्रेश नंदन उपस्थित रहे। इन गणमान्य अतिथियों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया और भंडारे में सेवा कर शिव भक्तों से आशीर्वाद प्राप्त किया ।

भंडारे के आयोजन में उन्नति प्रेरणा महिला उद्योग की सदस्यों द्वारा उत्कृष्ट समन्वय एवं सेवा भावना का परिचय दिया गया। आयोजन स्थल पर भक्ति संगीत की ध्वनि और शिव नाम की गूंज से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

# सावन महोत्सव पर महिलाओं ने मचाया धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर की अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवंशिका जागृति सभा द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें रिमझिम बारिश के बीच महिलाएं सावन का आनंद ले रही थीं। रविवार को महोत्सव का शुभारंभ अग्रवंशिका जागृति सभा की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

उन्होंने कहा हरियाली ही जीवन का आधार होता है। प्रतियोगिता एवं बॉलीवुड पर्सनालिटी कंपटीशन में बच्चों ने बढ़ चढ़कर वेशभूषा में भाग लिया। चुलबुल पांडे बसंती दीपिका पादुकोण संभाजी अक्षय कुमार जैसे किरदार बच्चों ने बहुत खूबसूरती से पेश किए। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हाउस जी खेली गई एवं स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# रोटरी आई हॉस्पिटल की बिल्सी शाखा का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी। चंदौसी** के प्रतिष्ठित रोटरी सुंदरलाल आई हॉस्पिटल की बिल्सी शाखा का रविवार को भव्य शुभारंभ तहसील रोड स्थित सिटी कॉम्प्लेक्स परिसर में नवीन विजन सेंटर परीक्षण केंद्र का उद्घाटन विधायक हरीश शाक्य ने फीता काट कर किया।

उन्होनें कहा कि उक्त सेंटर से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा। संस्था के सचिव रोटेरियन संतोष कुमार बंसल ने बताया कि इस सेंटर पर आधुनिक एवं नवीनतम मशीनों द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। हर बुधवार को निशुल्क परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि रोटरी सुंदरलाल आई हॉस्पिटल द्वारा सेवा विस्तार करते हुए बिल्सी और इस्लामनगर में शाखाएं शुरू कर दी गई हैं, वहीं बहजोई और बिसौली में भी जल्द शाखाएं खोली जाएंगी।इस मौके पर रोटेरियन दिनेश अग्रवाल, प्रशासक गौरव कुमार, ऑप्टोमेट्रिक सुमित यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, अवधेश लड्डा, संजय शर्मा, चंद्रसेन महेश्वरी, सुभाष वाहेती, दीपक बाबा, जयप्रकाश लडडा, सभासद अजीत गुर्जर, उमेश बाबू, राजीव महेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# ड्रोन चोर की अफवाह को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल

ग्रामवासियों ने रात में जाग कर हाथ में लाठी डंडे लेकर गुजारी रात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** उघैती थाना क्षेत्र के गांव खितौरा शनिवार की रात एक अजीब घटना से लोगों में दहशत फैल गई। छत पर आराम कर रहे लोगों में ड्रोन गैंग के चोर आने की अफवाह से दहशत फैल गई। दहशत के चलते ग्रामवासियों ने रात भर जाकर रात कटी। सुबह तक लोगों में डर का माहौल बना रहा और तरह-तरह की चर्चा को दौर जारी रहा। ड्रोन चोर की अफवाह की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

इस संबंध में उघैती थाना प्रभारी कलमेश मिश्रा ने बताया ग्रामीणों ने अफवाह के चलते शोर मचा दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।बरहाल ड्रोन जैसी कोई चीज नहीं है। कृपया अफवाहों पर कोई ध्यान ना दे।अफवाह फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# खतरनाक स्टंट करने पर युवक का यातायात पुलिस ने किया 43 हजार का चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में यातायात नियमों की अनदेखी करना एक युवक को भारी पड़ गया। बाइक पर खड़ा होकर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस हरकत में आ गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 43,000 का भारी-भरकम चालान काट दिया।

जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो में एक युवक तेज़ रफ्तार बाइक पर खतरनाक तरीके से खड़ा होकर स्टंट करता नजर आ रहा है। यह घटना पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र स्थित हाईवे पर घटित हुई। राहगीरों और अन्य वाहन चाल. कों के लिए यह स्टंट जानलेवा साबित हो सकता था। वीडियो सामने आते ही ट्रैफिक पुलिस ने गहन जांच शुरू की। युवक की पहचान और वाहन का नंबर ट्रेस कर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर टीआई ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 43,000 का चालान जारी किया। पुलिस ने बताया कि स्टंट करने वाला युवक यातायात नियमों का उल्लंघन, लापरवाही से वाहन चलाने, बिना हेलमेट, और लाइसेंस संबंधी नियमों के उल्लंघन जैसे कई बिंदुओं में दोषी पाया गया। पुलिस का संदेश ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्टंट या लापरवाह ड्राइविंग से परहेज करें, क्योंकि यह न केवल उनकी जान के लिए खतरा है बल्कि दूसरों की सुरक्षा को भी जोखिम में डालता है।

# श्रावण मास का अंतिम सोमवार 4 अगस्त को बन रहे कई शुभ योग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास का चौथा और अंतिम सोमवार इस वर्ष 4 अगस्त को पड़ रहा है, जो कई अत्यंत शुभ योगों के साथ विशेष फलदायी रहेगा। इस दिन देशभर में कांवड़ यात्रा अपने चरम पर होगी और कांवड़िए भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित करेंगे। सूर्योदय के साथ ही यह दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बन रहा है।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष एवं ख्यात ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय श्काशीवालेश के अनुसार, सोमवार को सूर्योदय के समय से ही सर्वार्थसिद्धि योग और ब्रह्म योग का शुभारंभ होगा। इसके अलावा सुबह 7:04 बजे से 9:12 बजे तक ऐन्द्र योग, रवि योग तथा पुन: सर्वार्थसिद्धि योग बन रहे हैं, जो विशेषकर सरकारी कार्यों, आराधना और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। पंडित के सी पांडेय ने बताया कि जिन जातकों की कुंडली में शनि-चंद्र (विष योग) या शनि-मंगल (विस्फोटक योग) है, वे इस विशेष दिन भगवान शिव की आराधना, मंत्रजप और पूजन कर अनेक कष्टों से मुक्ति पा सकते हैं और शुभ फल प्राप्त कर सकते हैं। इस सोमवार की विशेषता यहीं समाप्त नहीं होती। दोपहर पश्चात प्रदोष काल एवं रात्रिकाल में एकादशी तिथि भी संयोगवश प्राप्त हो रही है, जिससे यह दिन और भी पुण्यमय हो जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, इस विशेष समय में श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ के साथ-साथ भगवान विष्णु की पूजा भी अवश्य करनी चाहिए। श्रावण सोमवार का व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए यह दिन विशेष रूप से पूजनीय है। उन्हें सायंकाल में भगवान शिव के साथ माँ पार्वती की विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से पारिवारिक सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

## एक नजर

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित ग्राम्य विकास योजनाओं विषयक तीन दिवसीय आवासीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते रविवार देर शाम समाप्त हुआ । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार के निर्देशन में चलाया गया जिसमें मुख्य प्रशिक्षक पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार , विनय कुमार सिंह , रूपेश कुमार पटेल ने अलग अलग विभागीय कर्मचारियों को संबंधित विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी इसमें पुलिस विभाग , वन विभाग , बाल विकास , कृषि विभाग , परियोजना , जल जीवन मिशन , आर टी आई , सोशल ऑडिट , एस डी जी एवं एल एस डी जी आदि विभागीय कार्मिक एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग किया । यह कार्यक्रम एक अगस्त से तीन अगस्त 2025 तक अनवरत चलाया गया । कार्यक्रम समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने इस सत्र को काफी उपयोगी बताया एवं आगे भी ऐसे प्रशिक्षण सत्रों को आयोजित करने के लिए संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव से अनुरोध किया ।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com


# जुआ खेलते युवक को पुलिस ने दबोचा नकदी और मोबाइल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर पुलिस ने रविवार को जुआ खेलते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 730 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। यह कार्रवाई दिल्ली रोड स्थित श्मशान घाट के पास की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना हापुड़ नगर पुलिस ने छापा मारकर एक युवक को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ पकड़ा। गिरफ्तार युवक की पहचान सुंदर पुत्र राजू, निवासी बैंक कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 730 रुपये की नकदी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गोदाम पर कृषि विभाग की छापेमारी, अनुदानित यूरिया के 1500 कट्टे जब्त



**हापुड़।** कृषि विभाग ने जरौठी रोड स्थित एक गोदाम पर छापेमारी कर अनुदानित यूरिया के 1500 कट्टे जब्त किए हैं। विभाग को शिकायत मिली थी कि किसानों के लिए दिया जाने वाला अनुदानित यूरिया प्लाईवुड और अन्य फैक्टरियों में इस्तेमाल हो रहा है। इसके बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

रविवार को जिला कृषि अधिकारी गौरव प्रकाश के नेतृत्व में टीम ने गोदाम के बाहर खड़े एक ट्रक को पकड़ा। इस ट्रक में एचयूआरएल कंपनी का नीम कोटिड अनुदानित यूरिया के 500 कट्टे लदे थे। ट्रक चालक से पूछताछ की गई लेकिन उसने कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद कृषि विभाग के अधिकारियों ने गोदाम का निरीक्षण किया। गोदाम का ताला खुलवाने में करीब दो घंटे का समय लगा। अंदर जांच करने पर लगभग एक हजार अतिरिक्त कट्टे मिले। अपर कृषि अधिकारी, लिपिक और अन्य स्टाफ भी मौके पर पहुंच गए। कृषि विभाग ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी करते हुए रिपोर्ट तैयार की है। गोदाम में रखे स्टॉक और मेरठ से आए उर्वरक का रिकॉर्ड मिलान न होने तक सभी उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। जिला कृषि अधिकारी गौरव प्रकाश ने बताया कि मेरठ से हापुड़ आए अनुदानित यूरिया की जांच की जा रही है। रिकॉर्ड से मिलान होने के बाद ही इन उर्वरकों की बिक्री की अनुमति दी जाएगी।

# लापता युवक का कृषि विभाग के खंडहर भवन में पड़ा मिला शव

■ सूचना पाकर घर में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार की रात से लापता हुए एक युवक का शव कृषि विभाग के खंडहर में पड़ा मिला। जिसकी खबर उसके परिजनों को मिली तो वह रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम अलहैया का विकास गंगवार कस्बे के आदर्श नगर मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहता था। शनिवार की शाम वह घर से बाहर गया था। जिसके बाद वह कहीं लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कोई पता ही नहीं मिला। रविवार को सोशल मीडिया पर एक शव पड़े होने की सूचना वायरल हुई, जिसे देखकर उसका भाई निशांत स्थल पर पहुंच गया, और अपने भाई के रूप में पहचान की। सूचना पर पहुंचे कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज विवेक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। उसकी मौत के बाद उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

बताया जाता है कि वह नशे का आदी था, और कृषि रक्षा विभाग का यह भवन ऐसे लोगों के लिए काफी सुरक्षित रहता है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# मां ने दी पुलिस बुलाने की धमकी फांसी पर लटक गया पुत्र

■ सीओ, कोतवाल व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राशन का गल्ला मांगे जाने पर मां से हुए विवाद में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि मृतक काफी झगड़ालू और कुछ मंदबुद्धि था। सूचना मिलने पर कोतवाल व सीओ के साथ ही फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

क्षेत्र के गांव बिथरी के रहने वाले नत्थू लाल कश्यप के 22 वर्षीय अविवाहित पुत्र नरेंद्र का रविवार को अपनी वृद्ध मां नत्थू देवी से राशन का गल्ला मांगे जाने को लेकर विवाद हो गया था, जिस पर मां ने पुलिस को बुलाए जाने की धमकी देकर अपने घर से जैसे ही बाहर आई, और डायल 112 का फोन करने के बाद अन्दर घर में पहुंची तो देखा नरेन्द्र ने खपरैल में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। दोपहर के समय घटी इस घटना से समूचे ग्राम में सनसनी फैल गई, घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर क्राइम आदेश कुमार, उप निरीक्षक अभिषेक नागर के साथ गांव पहुंचे, और घटना की जानक. ारी ली। कुछ देर बाद सीओ गौरव सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे, और पुलिस को शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजने के निर्देश दिए।

कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी ग्राम पहुंची, और फिंगर प्रिंट लिए। उप निरीक्षक अभिषेक नागर ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। बड़ा भाई बनवारी अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है। घर पर वह अपने वृद्ध मां और पिता के साथ रहता था। इकलौती बहन लता की शादी हो चुकी है। ग्राम के शिक्षक छत्रपाल गंगवार ने बताया कि मृतक का परिवार बेहद गरीब है, और उन्होंने इसी वर्ष उसके नाम आवास स्वीकृत कराया है।

## एक नजर

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के रहस्यमय ढंग से गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को रामपुर निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पिता की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता के अनुसार, उनकी बेटी 1 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 12:30 बजे यह कहकर घर से निकली थी कि वह डॉक्टर के पास दवा लेने जा रही है। लेकिन देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि रामपुर निवासी एक युवक रेहान जिसने पहले से ही उनकी बेटी से जान-पहचान बना रखी थी, उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस पूरे घटनाक्रम में युवक के जीजा, खाला और अन्य परिजनों के भी शामिल होने की बात कही गई है। तहरीर मिलने के बाद इज्जतनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, और युवती की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने लड़की को ले जाने के आरोप में रामपुर निवासी संदिग्ध युवक सहित अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश में युवक की बेरहमी से हत्या, गांव में फैला तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पत्नी की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**बरेली।** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव माधोपुर में शनिवार की देर शाम पुरानी रंजिश का खौफनाक अंजाम देखने को मिला, जब बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे 55 वर्षीय चरन सिंह पुत्र राम. विलास की कुछ लोगों ने बेरहमी से हत्या कर दी। हमले के बाद गांव में तनाव फैल गया है, पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चरन सिंह क्योलड़िया बाजार से सब्जी लेकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह माधोपुर गांव के समीप विनोद कुमार के मकान के पास पहुंचे, वहां घात लगाए बैठे सौरभ सिंह, विमल सिंह, शिवम, रामवीर और राजवीर ने उन्हें घेर लिया, और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावरों ने उन पर जानबूझकर वाहन चढ़ा दिया।

चरन सिंह के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर उनका बेटा और भाई लखपत सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। गंभीर रूप से घायल चरन सिंह को परिजन तुरंत नवाबगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पत्नी हीरा काली ने थाना क्योलड़िया में दी गई तहरीर में पांचों आरोपियों को नामजद किया है। हीरा काली के मुताबिक, तीन साल पहले गांव के ही राजवीर सिंह की पुत्री लापता हो गई थी। इस मामले को लेकर आरोपी पक्ष और चरन सिंह के बीच रंजिश चल रही थी। उसी पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिए उनके पति की हत्या की गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थाना प्रभारी राजबली सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर सभी पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# भदरक गांव में ट्रांसफॉर्मर फुंकने से बिजली आपूर्ति ठप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** देवरनियां के भदरक गांव में तीन दिन से ट्रांसफॉर्मर फुंक जाने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों ने डीएम से गुहार लगाते हुए प्रदर्शन कर विरोध जताया है। गांव में करीब सौ घरों की बिजली आपूर्ति ठप पड़ी हुई है, जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों का बुरा हाल है।

ग्रामीणों ने दूसरा ट्रांसफार्मर जल्द लगवाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान राजपाल, द्वारिका प्रसाद, पूरनलाल, भद्रसेन, दाताराम, रामकिशोर, सन्तोष कुमार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामचन्द्र, देवेनद्र कुमार, कमलेश, सुमरन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

इधर देवरनियाँ बिजली घर के अवर अभियंता सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि कल ही उन्हें सूचना मिली, और तुरंत ही उन्होंने कार्रवाई कर दी है।

उन्होंने बताया कि ट्रांसफॉर्मर बदलने की कार्रवाई कर दी गई है, अब काम वर्कशाप का है। वे देवर. नियां कस्बा और क्षेत्र को बेहतर बिजली आपूर्ति देने का प्रयास कर रहे हैं।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया बिजली विभाग का बाबू हुआ निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिजली विभाग के कार्यालय सहायक अजीत कुमार को शनिवार को एंटी करप्शन की टीम ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसे अधीक्षण अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह ने निलंबित करके उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू करा दी है।

सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता प्रथम कार्यालय में तैनात कार्यालय सहायक को शनिवार को एंटी करप्शन टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से 1.76 लाख रुपये और मिले थे। उसके खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# बहेड़ी में कांवड़ियों का पुलिस ने किया भव्य स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मुंडिया टोल प्लाजा पर महाकाल सेवा समिति बहेड़ी के अध्यक्ष और महंत शक्ति गुप्ता के नेतृत्व में कांवड़ियों का विशाल जत्था हरिद्वार से जल लेकर वापस आया। इस अवसर पर बहेड़ी कोतवाल संजय तोमर ने पुष्प वर्षा कर, माथे पर तिलक लगाकर और माला पहनाकर कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया।

महाकाल सेवा समिति बहेड़ी के अध्यक्ष और महंत शक्ति गुप्ता के नेतृत्व में कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से जल लेकर वापस आया। कांवड़ियों का यह जत्था सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की भक्ति में जलाभिषेक करने के लिए निकला था।

बहेड़ी कोतवाल संजय तोमर ने कांवड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह पल बहुत ही पवित्र और भक्तिमय है। उन्होंने कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा का आश्वा. सन दिया, और उनके इस पवित्र यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

कांवड़ यात्रा एक पवित्र और धार्मिक यात्रा है, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में जलाभिषेक करने के लिए जल लेकर जाते हैं। यह यात्रा सावन के महीने में आयोजित की जाती है, और इसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

# नाजिम अली ने अंग वस्त्र देकर कांवड़ियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** क्षेत्र के गांव रूपपुर के प्रधान नाजिम अली ने कांवड़ियों के दल को अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रधान श्री अली अपने साथी संगीयों को लेकर गांव के मुख्य रास्ते पर खड़े हो गए, कांवड़ियों का दल जैसे ही वहां पहुंचा, वैसे ही नाजिम और उनके साथियों ने उनपर पुष्प वर्षा कर अंग वस्त्र भेंट किए।



इस अवसर पर श्री अली ने कहा कि हम चाहते हैं कि प्रति एक पर्व को इसी तरह से मिलजुलकर मनाना चाहिए, ताकि हमारी गंगा जमुनी तहजीब जिंदा रहे। उनके साथ गांव के अन्य मुस्लिमों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# शिवभक्तों की सेवा में जुटा जिला प्रशासन

■ डीएम ने कांवड़ियों का माल्यापर्ण कर भंडारे में प्रसाद किया वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने रविवार को आंवला के ग्राम नितोई एवं रामगंगा में कांवड़ियों का माल्यापर्ण कर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित किया, व कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की, और उनकी कुशलता पूछी कि आने-जाने में किसी प्रकार कि कोई समस्या तो नहीं है।

श्रावण मास के प्रत्येक रविवार तथा सोमवार को बरेली जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से भंडारा कराया जा रहा है, जो सभी शिवभक्तों को समर्पित है, जहां शिव भक्त प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं, तथा विश्राम भी कर सकते हैं, कांवड़ियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल कैम्प भी लगाए गये हैं।

इस अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि यह सावन का महीना चल रहा है, जिसमें हमारे भक्तगण कांवड़ लेने जाते हैं, कुछ लोग कछला एवं कुछ लोग हरिद्वार से भी जल लेकर आते हैं, और भगवान भोलेनाथ को अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री से प्रेरणा लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा बरेली जनपद की प्रत्येक तहसीलों में कांवड़ यात्रियों के ठहरने, उनके भोजन करने तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप की भी पूर्ण व्यवस्था की गई है, जिससे यदि कोई यात्री यात्रा के दौरान बीमार हो जाता है तो उसका उपचार किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारीगण व शिवभक्त उपस्थित रहे।

# चाइनीज मांझे से स्कूटी सवार युवक की गर्दन कटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का शहामतगंज में चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मढ़ीनाथ निवासी अभिषेक मौर्य (18) शनिवार देर रात स्कूटी से नगर निगम के पास स्थित सब्जी मंडी से सब्जी खरीदकर शहामतग. ंज की तरफ गए थे। जैसे ही वह कुछ दूर पहुंचे कि अचानक मांझे की चपेट में गर्दन आ गई। गर्दन कट कर पूरी तरह से लहूलुहान हो गई।

**चाइनीज मांझे साथ दो गिरफ्तार**

किला थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाले दो आरो. पियों को ईंट भट्टे के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से 180 चरखी चाइनीज मांझा भी बरामद हुआ है। इन दोनों आरोपियों से दूसरे जिलों के लोग मांझा खरीदने आते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रेती जखीरा निवासी शहनवाज वेग और रिजवान खान के रूप में हुई है। किला थाना प्रभारी सुरेश चन्द गौतम ने बताया कि यह मांझा आरोपियों ने सराय खां निवासी अनस से खरीदा था। पुलिस अनस को भी तलाश कर रही है।

# तीन बच्चों की मां बनीं कमरून

■ जटिल सर्जरी के बाद घर में गूंजी किलकारियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** महिला चिकित्सालय की एमसीएच विंग में रविवार को पहली बार ट्रिप्लेट चाइल्ड (एक गर्भावस्था से जन्मे तीन बच्चे) का सिजेरियन से सुरक्षित प्रसव कराया। असहनीय प्रसव पीड़ा होने की वजह से महिला को रेफर करने का समय नहीं था। लिहाजा, चिकित्सक और स्टाफ ने जटिल सिजेरियन का निर्णय लिया।

सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद के मुताबिक फतेहगंज पश्चिमी के सोहरा गांव निवासी अशरफ की पत्नी कमरून निशा को रविवार तड़के प्रसव पीड़ा शुरू हुई।

परिजन पांच बजे अस्पताल पहुंचे। गर्भवती असहनीय प्रसव पीड़ा से बेहाल थी। तत्काल प्रसव कक्ष में शिफ्ट और सुबह छह बजे जटिलताओं के बावजूद सुरक्षित सिजेरियन प्रसव कराया।

महिला ने दो बेटे व एक बेटी को जन्म दिया। सीएमएस ने बताया कि प्रसव के दौरान गर्भवती की बीपी, हार्ट रेट सब सामान्य था। चिकित्सक और स्टाफ ने सूझबूझ से प्रसव कराया। एमसीएच विंग में ट्रिप्लेट डिलीवरी का पहला मामला है।

शिशु एसएनसीयू में भर्ती हुए हैं। प्रसव कराने वालों में वरिष्ठ गायनेकोलॉजिस्ट सीमा सिंह, रेजिडेंट डॉक्टर तेजस्विनी, नर्सिंग स्टाफ मधु और वाणी शामिल रहे।

# बिजली की समस्या को लेकर धरने पर बैठे किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मौर्य शनिवार को किसानों की बिजली से संबंधित शिकायतों को लेकर बहेड़ी बिजली घर पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने बिजली कर्मचारियों पर बिजली कटौती को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता को दिया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली देने का प्रावधान है, जबकि अधिकारियों की खराब कार्यशैली की वजह से सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है, उन्होंने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में लगाय जा रहे स्मार्ट मीटर पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने हाईटेंशन लाइन 11 केवी व 33 केवी को गार्डिंग किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने शेरगढ़ बिजली घर पर तैनात एसएसओ दिनेश कुमार का उपभोक्ताओं के प्रति ठीक व्यवहार न होने के कारण तत्काल हटाये जाने की मांग की है। आरोप है कि दिनेश कुमार किसानों के नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल देते हैं, और ट्यूबवेल माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं। मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज उन्होंने समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने चेता. वनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मैं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन करने वालों में जिलाअध्यक्ष दुर्गेश मौर्य, मोहम्मद बासित, भूरे शाह, मोहम्मद शाहिद, रशीद अहमद, दानिश, धर्मेंद्र गंगवार, रेहान, रिंकू गंगवार, राजीव गंगवार, विकास गंगवार, इकरार हुसैन, मुख्तियार, अरविंद, इशरत आदि मौजूद रहे।

# जोगी नवादा से कांवड़ियों का आखिरी जत्था निकला मुस्लिमों ने बरसाए फूल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सावन के आखिरी सोमवार को जल लेने निकले कांवड़ियों का जत्था शहर में एक बार फिर आस्था और एकता की मिसाल बन गया। रविवार को बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा से जल भरने के लिए निकले हजारों कांवड़ियों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। न सिर्फ कांवड़ यात्रा का नजारा भक्तिमय था, बल्कि आपसी सौहार्द और भाईचारे का यह दृश्य गंगा-जमुनी तहजीब की जीवंत तस्वीर बन गया। कुछ वर्ष पूर्व तक इस क्षेत्र में कांवड़ यात्रा और मुस्लिम जुलूसों को लेकर तनाव की स्थिति बनती थी। लेकिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की पहल पर सभी समुदायों के साथ लगातार संवाद और तालमेल से न सिर्फ विवाद सुलझाया गया, बल्कि इस बार एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने पूरे बरेली को गौरवान्वित कर दिया।

# आए थे बाघ देखने, ग्रामीणों ने संदिग्ध समझ पकड़े बरेली के 5 पांच युवक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पीलीभीत जिले में चोरों के शोर के बीच शनिवार रात न्यूरिया क्षेत्र में एक और मामला सामने आया। कार से बाघ देखने न्यूरिया क्षेत्र के महोफ गेट की ओर पहुंचे पांच युवकों को ग्रामीणों ने संदिग्ध समझकर पकड़ लिया। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीमें भी सक्रिय हुईं। पांचों युवकों को कार समेत न्यूरिया थाने लेकर पूछताछ की गई।



पूछताछ में पता चला कि युवक गूगल मैप के जरिए रास्ते देखकर बाघ देखने के लिए महोफ गेट तक आए थे। रात का समय होने का कारण रास्ता भटकने के कारण क्षेत्र में घूमते रहे। ग्रामीणों और बाघ मित्रों ने इनको शिक. ारी और बदमाश समझाकर वन विभाग और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस युवकों के बारे में जांच कर रही है। थाना प्रभारी सुभाष कुमार मावी ने बताया कि युवक बरेली के प्रेमनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। प्रारंभिक जांच में बाघ देखने आने की बात सामने आई। कार में कोई संदिग्ध चीजें भी नहीं मिली हैं। संबंधित थाने से विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी बरेली को देंगे 20 अरब की सौगात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छह अगस्त को बरेली आ रहे हैं। शहर के बरेली कॉलेज में जनसभा से पहले वह 20 अरब के विकास कार्यों की सौगात जनपद के लोगों को देंगे। विभिन्न योजनाओं से एक हजार से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को पूरे दिन कमिश्नर से लेकर अन्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में जुटे रहे।

■ छह अगस्त को बरेली कॉलेज में जनसभा को करेंगे संबोधित

डीएम अवनीश सिंह ने शनिवार सुबह 10:30 बजे अधिकारियों के साथ बैठक की। फिर सीडीओ देवयानी, एसएसपी अनुराग आर्य व अन्य अधिकारियों के साथ बरेली कॉलेज के प्रांगण पहुंचे। यहां तैयारियों का जायजा लिया।

मंच सहित बिजली, सुरक्षा, चिकित्सा व्यवस्था एवं साफ-सफाई के संबंध में अधिकारियों व कर्मियों को ब्रीफ किया। डीएम ने बताया कि आयोजन स्थल पर विकास कार्यक्रमों की प्रदर्शनी लगाने की भी तैयारी है। दूसरी तरफ पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभाग कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास से जुड़ा विवरण तैयार कर रहे हैं।

छह अगस्त को मुख्यमंत्री सुबह 10:30 बजे बरेली आ जाएंगे। वह एयरफोर्स के हेलीपैड पर उतरेंगे, जहां से सीधे वह सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां पर वह मंडल के सभी जिलों के जन प्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। फिर जनसभा में पहुंचेंगे।

विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास की जिम्मेदारी अर्थ एवं संख्या अधिकारी को दी गई है। करीब 20 हजार लोगों को लाने की जिम्मेदारी भी डीडीओ व डीपीआरओ को ही दी गई है। इन लोगों को ब्लॉक स्तर पर संपर्क करना भी शुरू कर दिया है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# एआई डाटा लैब का किया लोकार्पण

## केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद एआई डाटा लैब का किया लोकार्पण, प्रदेश की द्वितीय लैब अब जनपद में

पुरनपुर। जनपद के सांसद और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने मंत्रालय सूचना एवं प्रोद्योगिकी से इंटेल द्वारा तहसील पूरनपुर में एआई डाटा लैब का लोकार्पण किया यह देश की 27 वी और प्रदेश की दूसरी लैब है। जनपद एवं आसपास जनपदों के छात्र एवं युवा इस एआई डाटा लैब से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

शिक्षा के क्षेत्र में यह एक क्रांति साबित होगी जोकि डिजिटलाइजेशन में अहम भूमिका निभाएगा एआई डाटा। रविवार को नगर पालिका परिषद के मीटिंग हाल में कार्यक्रम को संबोधित किया गया, जिसमें अधिकांश सभासद, छात्र छात्राएं और क्षेत्रीय जनता मौजूद रही। इस दौरान एमएलसी सुधीर गुप्ता, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, अपूर्व सिंह, ऋतुराज पासवान, प्रफुल्ल मिश्रा आदि रहे।




## बाढ़ राहत के लिए सीएम योगी ने बनाई टीम-11

शाह टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 12 जनपदों में राहत और बचाव कार्यों की निगरानी के लिए 12 मंत्रियों की टीम-11 का गठन किया है। इस टीम में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को भी शामिल किया गया है। जिसमें उन्हें जनपद जालौन का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। राज्य मंत्री संजय गंगवार ने लखनऊ से फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरुप बाढ़ प्रभावित जनपद जालौन के लिए रवाना हो गए हैं। वहां वे प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे और राहत कार्यों की मानीटरिंग कर बाढ़ पीड़ितों को त्वरित सहायता दिलाने का कार्य करेंगे।

## पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान में सपाइयों ने भाजपा पर साधा निशाना




पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम लोहरपुरा में पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर कार्यक्रम में पहुंचे जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सभा को संबोधित करते हुए "भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी और पीडीए विरोधी है। विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने "संविधान में दिए गए अधिक. रों के प्रति जागरूक होने की अपील की। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार"राजू" ने अपने सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि "जैसे-जैसे भाजपा ताकतवर होगी, वह संविधान को कुचलने का प्रयास करेगी।

लेकिन समाजवादी पार्टी पीडीए समाज के साथ मजबूती से खड़ी है सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे हम सबको मिलकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से सपा नेता कल्याण सिंह सरोज, पूर्व ब्लाक प्रमुख पति अजय भारती, महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीता, ओम शर्मा आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

## नकली नोटों संग तीन शातिर पकड़े

डिबाई। रविवार को नरौरा पुलिस और स्वाट टीम देहात ने संयुक्त रूप से बेलौन गेट के पास से तीन शातिरों को 87 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाकों में नकली नोट चलाए जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक भी बरामद की है। तीनों आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर नकली नोट छापकर छोटी दुकानों पर चला देते थे। पुलिस ने पूछताछ कर तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है। रविवार को एसपी सिटी डॉ0 तेजवीर सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में बताया कि नरौरा पुलिस और स्वाट टीम देहात ने चेकिंग के दौरान नरौरा के बेलौन गेट नंबर एक के पास से तीन आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से 87 हजार रुपये के नकली नोट और बाइक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रहवर अली, यावर अली निवासी गांव भसराला थाना अलापुर जिला बदायूं व अनीस निवासी मानकपुर थाना उद्यानी के रूप में हुई है।

# हत्या और लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मथुरा। गोवर्धन थाने के राधाकुंड में गोपी बिहार कालोनी में रिटायर्ड बीएसएफ के जावन की सनसनीखेज हत्या और लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटी स्कूटी और नकदी बरामद की है।

इस बारे में एसपी आरए सुरेशचंद रावत ने बताया कि राधाकुंड की गोपी बिहार कालोनी में रहकर भजनपूजा करने वाले रिटायर्ड बीएसएफ के जवान विनोद पांडेय की सनसनी खेज तरीके से हत्या कर घर से लूटपाट की थी। हत्या और लूट की घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की 6 टीमे लगाई गई थी। पुलिस टीमों ने अपराधियों तक पहुंचने के लिए 800 सीसी टीवी केमरों की फुटेज को खंगाला और सर्विलांस टीम ने तीन हजार फोनों की कॉल डिटेल को चेक किया। इसके बाद अपराधियों का कुछ पता लगा। पुलिस को ललित को. हली उर्फ बाउंसर 22 टी हट्स कबीरनगर राणाप्रताप बाग भारत नगर नई दिल्ली, राजकिशोर शर्मा निवासी पाल कालोनी राधाकुंड, अजीत उर्फ टैनी मेघपुर थाना फरह, चंद्रमोहन उर्फ हरिओम निवासी गोपालपुर थाना हाइवे व एक महिला का नाम प्रकाश में आया। पुलिस टीम इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी।. पुलिस ने आज एक सूचना पर डीग बाइपास रोड से निर्माणाधीन कालोनी को जाने वाले रास्ते से अभियुक्त ललित कोहली, राजकिशोर ओर एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे विनोद कुमार पांडेय की लूटी गई स्कूटी व साढ़े सात हजार रुपये की नकदी बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में गोवर्धन थाना प्रभारी रवि त्यागी, एसओजी प्रभारी राकेश यादव,स्वाट टीम प्रभारी छोटे लाल. सर्विलांस प्रभारी विकास के अलावा उप निरीक्षक और पुलिस टीम है।




### लूट और हत्या करने से पहले भद्र बनकर की थी रैकी

मथुरा। राधाकुंड में विना. `द कुमार पांडेय की हत्या की लूट से पहले महिला सहित अन्य लोगों ने भक्त बनकर की थी रैकी। रैकी करने के बाद घटना को दिया था अंजाम।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 14 जुलाई को राधा कुंड में पूजा और भक्ति करने वाले पांडेय से इन लोगों ने भक्त बनकर मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान इन लोगों ने उनके घर और आस-पास के इलाके को अच्छी तरह से देखा था। जिससे घटना को अंजाम देकर आसानी से बचकर निकल जाए। हुआ भी कुछ ऐसा ही।

## आज बटेगा यूरिया पहली ही बन गई लिस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

कोसीकलां। नगर की कॉपरेटिव सोसायटी पर सोमवार को आज खाद वितरण किया जाएगा किसानों का आरोप है कि पहले ही लिस्ट बन चुकी है अपने चहेतों को खाद दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार एक गाड़ी खाद सोसायटी पर उतरा है लेकिन इससे सभी किसानों की पूर्ति नहीं होगी इस लिए लिस्ट के जरिये वितरण किया जाएगा किसानों का आरोप है कि उक्त कर्मचारियों द्वारा अपने मिलने वालो के नाम लिस्ट में ऊपर लिख दिए गए है और पहले उनको खाद दिया जाएगा जिससे अधिकांश किसान खाद से वंचित रह जायेगा जिसकी शिकायत किसानों द्वारा उच्च अधिकारियों से की गई है लेकिन कोई कार्य वाही नहीं हुई।

## अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद। कोतवाली क्षेत्र की शिवाली गंग नहर में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने नहर में तैरते शव को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किये लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। एसपी देहात डॉ0 तेजवीर सिंह ने बताया कि शव की पहचान करने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के इलाकों में लापता व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नहर किनारे मिले शव से सनसनी

बुलंदशहर। रविवार को थाना नरसेना क्षेत्र के गांव महुआ खेड़ा में नहर के निकट एक पानी के गड्ढे में अधेड़ का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने पानी के गड्ढे में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मिली सूचना पर सीओ प्रखर पांडेय, थाना प्रभारी रितेश सिंह फोर्स लेकर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल की। मृतक के सिर पर तीन जगह धारदार हथियार के घाव मिले हैं। हत्या कर शव यहां फेंकने की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि देखने में उसकी उम्र करीब 50 वर्ष है। शव पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। साथ ही शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अवैध संबंधों के कारण हुई प्रधान की हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

बुलंदशहर। बीते शुक्रवार को थाना औरंगाबाद क्षेत्र में देर रात पूर्व प्रधान संजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने 36 घंटे के भीतर इस मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह हत्या एक अवैध संबंध के कारण की गई थी। बदला लेने के लिए, अमित ने अपने भतीजे विशाल और उसके साथी मुकुल को हत्या की जिम्मेदारी सौंपी थी। हत्या में इस्तेमाल किए गए पिस्टल और तमंचा भी अमित ने ही उपलब्ध कराए थे। विशाल और मुकुल ने दौलताबाद गांव में संजय कुमार को गोली मार दी थी। गोली लगने से मौके पर ही संजय की मौत हो गई थी। स्वाट टीम और औरंगाबाद थाना पुलिस ने मामले की गहनतता जांच करते हुए घटना का खुला. सा किया है। पुलिस ने विशाल और मुकुल को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने हत्या की पूरी कहानी बता दी है। मुख्य आरोपी अमित अभी फरार बताया जा रहा है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। मृतक संजय के खेत को अमित किराए पर लेकर खेती करता था। दोनों के बीच पहले से जान-पहचान थी। एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि पुलिस द्वारा संजय हत्याकांड का खुलासा किया गया है। बताया कि संजय की हत्या इसलिए की गई थी कि मृतक के मुख्यारोपी अमित की पत्नी से अवैध संबंध थे। जिसका पता चलने पर अमित ने संजय की हत्या कराई है।

## बेसिक स्कूलों की पेयरिंग होगी निरस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

बुलंदशहर। जिले में बेसिक स्कूलों की पेयरिंग में शासन ने बड़ा बदलाव किया है। बेसिक शिक्षामंत्री के आदेश के बाद से जिले के 20 स्कूलों की पेयरिंग निरस्त होगी। एक किमी के दायरे में स्कूलों की पेयरिंग के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री के इस फैसले से बच्चों एवं अभिभावकों को काफी राहत मिली है। आदेश आने के बाद बीएसए ने एक किमी से अधिक की दूरी पर पेयरिंग हुए स्कूलों की सूची बीईओ से मांग ली है, कुछ स्कूलों के नाम भी आ गए हैं तो अब इनकी पेयरिंग को निरस्त करने की कार्यवाही शुरू की जा रही है। जिस भवन में यह स्कूल पहले से चलते आ रहे थे अब उनमें ही बच्चों की पढ़ाई होगी। बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में छात्र संख्या कम है। ऐसे में शासन ने 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को ऐसे स्कूलों में पेयर किया, जहां पर छात्र संख्या ज्यादा है। जिले में भी करीब 184 स्कूलों की पेयरिंग विभाग द्वारा कर दी थी। इन स्कूलों के बच्चों एवं शिक्षकों को दूसरे नजदीकी विद्यालयों में शिफ्ट कर दिया था। शैक्षिक संगठनों में भी पेयरिंग को लेकर काफी गुस्सा था। मगर अब प्रदेश के बेसिक शिक्षामंत्री संदीप सिंह ने एक किमी से अधिक की दूरी, 50 से ज्यादा संख्या वाले स्कूल एवं विवादित स्कूलों की पेयरिंग को निरस्त करने के लिए कहा है। जिले में अब 20 से अधिक स्कूलों की पेयरिंग को निरस्त किया जा रहा है। बीईओ से स्कूलों की सूची विभाग को प्राप्त हो गई है। मंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए विभाग स्कूलों की पेयरिंग कर रहा है। विवादित और 50 से ज्यादा संख्या वाले स्कूल भी शामिल बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले में शुरुआत में 184 स्कूलों की पेयरिंग कर शासन को रिपोर्ट भेजी थी। इसके उपरांत भी पेयरिंग प्रक्रिया को किया जा रहा था।

# जिले में कांग्रेस की गतिविधियां जानी जोनल कोर्डिनेटर ने

मथुरा। आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा की मासिक समीक्षा बैठक सेठवाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं जोनल कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक अनिल चौधरी ने समीक्षा बैठक में मथुरा जनपद के सभी दसों ब्लॉक के अध्यक्षों एवं प्रभारी की बैठक में उनसे संगठन की रिपोर्ट जानी और जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियो से संगठन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कि पार्टी द्वारा विषम परिस्थितियों के बाद भी जनपद में संगठन को मजबूती के साथ न्याय पंचायत स्तर से लेकर बूथ लेवल तक खड़ा किया गया है। मथुरा जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्षों और ब्लॉक प्रभारी की नियुक्ति की जा चुकी है पार्टी द्वारा न्याय पंचायत स्तर से लेकर बूथ कमेटी तक संगठन सृजन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला कोऑर्डिनेटर गिरवर शर्मा एवं फ्रंटल कोऑर्डिनेटर राकेश भाटी ने समीक्षा बैठक में कहा ने विचार व्यक्त किए। समीक्षा बैठक में कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय लोक. दल से नीरज चौधरी चाचा और अर्नव चौधरी, डॉ.अवधेश चौधरी ने साथियों सहित पार्टी की सदस्यता ग्रहण की (कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उनका कांग्रेस पटका पहना कर स्वागत किया। इसका संच. ालन मनोज गौड़ ने किया। बैठक में पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष हरवीर पुंडीर, लता चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष पंकज चौधरी, राजकुमार तिवारी, धीरू पंडित, मनोज कुमार, हरदेव सिंह, सुरेश सिंह, त्रिनेत्र भारद्वाज, पवन कटरा, अप्रतिम सक्सेना आदि उपस्थित थे।



## फालैन में दो पक्षों में विवाद आधा दर्जन घायल

कोसीकलां। गांव फालैन में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। रामकिशन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि रविवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे उसके छोटे भाई भरत सिंह की पत्नी ओमवती गोवर-कूड़ा डालने के लिए गई थी, तो पडोस में रहने वाले महिला ने ओमवती को गाली-गलौज देने लगे। मना करने पर ओमवती से मारपीट कर दी। बचाने आए चचेरे भाई मनोज को भी पिटाई लगा दी। शोरगुल सुनकर 8-10 नामजदों ने ओमवती के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंच गई।

## पानी में करंट आने से हड़कंप मचा

कोसीकलां। गांव सुरवारी में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद गांव में बिजली के खंभा से पानी में करंट आने एक महिला बाल-बाल बच गई। रविवार की सुबह गांव में करंट आ गया, जिससे एक पशु पड्डा की मृत्यु हो गई, जबकि एक महिला और आसपास से गुजर रहे बच्चों को झटका लगने से बच गए। बाद में गांव में पहुंचे लाइनमैनों ने खंभा से करंट को दूर किया, जब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## किसान के घर लाखों की चोरी

बुलंदशहर। शनिवार की देर रात चौकी क्षेत्र में छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने किसान का घर खंगाल दिया। बताया कि चोर घर से लाखों के जेवर चुरा ले गए, जबकि चांदी के गहनों व कपड़ों को छोड़ दिया। सुलेला निवासी जगत सिंह के अनुसार शनिवार की देर रात अपनी पत्नी व दो बहुओं के साथ मकान में नीचे कमरों में सोए हुए थे। पीड़ित के अनुसार छत के रास्ते से घर में घुसे चोर अलमारी को खोलकर सोने के जेवरात चुरा लिए। जबकि चोर चांदी के आभूषणों को छोड़ दिया। रविवार की सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई।

# पालिका से सफाई कर्मियों की वार्ता फेल

कोसीकलां। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नगर पालिका में चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल से चली डेढ़ घंटे वार्ता बेनतीजा रही। कर्मचारी नेताओं ने चेयरमैन पर हठधर्मिता का आरोप लगाया है। शनिवार को नगर पालिका परिसर में सतीश वाल्मीकि, गिर्राज सिंह, किशोर सिंह आदि ने चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, ईओ निहाल सिंह, लेखाकार योगेंद्र रावत आदि से वार्ता की। मांग पत्र में 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बिंदुवार वार्ता हुई, जिसमें ठेके कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बिना कटौती के पूरा भुगतान करने, चार महीने का प्रत्येक सफाई कर्मचारी का एरियर का भुगतान, नियमानुसार वेतन अवकाश देने, संविदा कर्मचारियों को पूरा वेतन, और ईपीएफ का प्रत्येक कर्मचारियों के तत्काल कराया जाए। प्रत्येक संविदा सफाई कर्मचारियों का बकाया भुगतान कराने समेत, सफाई कर्मचारियों को पूरे दिन का अवकाश, रिटायर्ड ६ मृतक सफाई कर्मचारियों को बकाया राशि का भुगतान एक साथ तत्काल कराया जाएं आदि मांगों का निराकरण कराने की मांग की। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि वार्ता के दौरान चेयरमैन मांगों को लेकर टालमटोल की नीति अपनाते रहे।

## कैलेंडर के विमोचन के साथ भरत मिलाप के कार्यक्रमों की घोषणा

कोसीकलां। उत्तर भारत के प्रमुख भरत मिलाप मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को श्री रामलीला संस्थान के कैलेंडर के विमोचन के साथ मेले के कार्यक्रमों की घोषणा की गई। 17 सितंबर को झंडा पूजन की सवारी निकाली जाएगी। ऐतिहासिक भरत मिलाप मेला 3 अक्तूबर को होगा। अग्रवाटिका में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि मोनी बाबा, संजीव जाविया, देशबंधु अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, हरीशंकर अग्रवाल, जतिन अग्रवाल आदि ने मंत्रोच्चार के बीच कैलेंडर का विमोचन कर रामलीला के कार्यक्रमों की घोषणा की। शुभारंभ के समय चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, कमल किशोर वाष्र्णेय, वेदप्रकाश गोयल मेला आचार्य मोरमुकट शास्त्री, लीला निर्देशक सत्यनारायण पुरोहित, समन्वयक हरेंद्र ठाकुर, अध्यक्ष अजय मंगला, मंत्री अन्नू वैद्य, संयोजक अजय गोयका, विवेक अग्रवाल मौजूद रहे।

# ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री उपमन्यु हुए हनोई में सम्मानित

मथुरा। एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट पत्रकार को भारत के प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं सहयोगी उत्तर प्रदेश सरकार एवं वियतनाम सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार समारोह में उपमन्यु के अति. रिक्त भारत की विभिन्न क्षेत्रों की अन्य हस्तियों को वियतनाम के हनोई शहर में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार और वियतनाम सरकार का भी विशेष योगदान है। इस समारोह में वियतनाम राष्ट्रीय पर्यटन प्रशासन के उपमहानिदेश श्री हा वान सियू एवं अमर उजाला समाचार समूह के उपाध्यक्ष सचिन नारंग, और आसियान भारत आर्थिक परिषद वियतनाम शाखा के अध्यक्ष श्री इंद्रनील सेन आदि ने भारत देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में यहां आए प्रमुख हस्तियों को भव्य दिव्य समारोह में सम्मानित किया वियतनाम देश की राजधानी हनोई के फाइव स्टार होटल नोवोटिल में आयोजित इस समारोह के समापन में अमर उजाला वेस्टर्न जोन के प्रमुख श्री श्री सौरभ भदौरिया जी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र. से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालयः मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टाण्डा: अतिक्रमण हटाने की मुनादी से दुकानदारों में खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नगर के मुख्य मार्ग पर पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी द्वारा पैमाइश के बाद दुकानों व मकानों पर रेड मार्किंग की गई थी।विभाग ने रेड मार्किंग वाली आराजी को सरकारी बताते हुए अतिक्रमण करार दिया था।जिसके बाद 31 दुकानदारों को हाईकोर्ट से कुछ राहत मिली थी,शेष दुकानदार इसी आधार पर राहत पाने की उम्मीद में थे।रविवार सुबह पीडब्ल्यूडी विभाग ने अचानक मुनादी कराकर मुख्य मार्ग के दुकानदारों को चार अगस्त तक स्वंय अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं,अन्यथा 5 अगस्त को बुल्डोजर के जरिए अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी है। जिससे सम्बन्धित व्यक्तियों में खलबली मच गयी है।जबकि 31 दुकानदारों को हाईकोर्ट से विधिक प्रक्रिया पूर्ण होने तक



महज नोटिस के आधार पर बेदखल न किये जाने से कुछ हद तक राहत मिली हुई है।

इसी आधार पर अन्य लोग भी समान प्रकृति का मामला होने के कारण क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों के चलते प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठे थे,लेकिन अब वह पूरी तरह मायूस होकर खुद अपनी दुकानों और मकानों को तोड़ने लगे हैं।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले पीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने टाण्डा के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण चिह्नित कर दुकानों और मकानों पर नोटिस चस्पा किए थे। इससे दुकानदारों और मकान मालिकों में बेचैनी बढ़ गई थी, क्योंकि वे वर्षों से इन दुकानों के जरिए अपनी आजीविका चला रहे थे। क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी ने भी प्रभावित दुकानदारों की समस्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रमुख सचिव गृह और मंडलायुक्त के समक्ष उठाया था।दुकानदारों की बेचौनी लगातार बढ़ती गयी।

जिसके बाद दुकान स्वामी जुल्फिकार अली, सलीम, हाजी जमील, मोहम्मद इस्लाम, हाजी अकरम, लईक, हामिद जमील और मोहम्मद जावेद ने अधिवक्ता शादाब अली व सुबोध कुमार के जरिए पीडब्ल्यूडी के 14 और 15 जुलाई को जारी नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका का निपटारा करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता तीन सप्ताह के भीतर पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता, रामपुर के समक्ष अपना जवाब दाखिल करें। जवाब प्राप्त होने पर अधिकारी दो महीने के भीतर दुकानदारों को सुनवाई का मौका देकर उचित आदेश पारित करेंगे। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि अगले तीन महीने तक या जवाब पर निर्णय होने तक, जो भी पहले हो, नोटिस के आधार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

इसके बाद मोहम्मद हनीफ सहित 22 दुकानदारों ने भी हाईकोर्ट का रुख किया।कोर्ट ने पक्षकारों को सुनने के बाद स्पष्ट किया कि

याचिकाकर्ताओं को उक्त नोटिस के आधार पर तब तक बेदखल नहीं किया जाएगा जब तक कि उनके विरुद्ध वैध कानूनी कार्यवाही शुरू नहीं की जाती।इस फैसले सेयाचिकाकर्ता दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।

कोर्ट के इस आदेश से अन्य प्रभावित दुकानदारों और मकान मालिकों को भी मामला समान प्रकृति का होने के कारण राहत की उम्मीद जगी।वे मानने लगे कि प्रशासन उनके साथ भी उचित प्रक्रिया का पालन करेगा।

लेकिन रविवार को सुबह पीडब्ल्यूडी द्वारा नगर में मुनादी कराई गई कि मुख्य मार्ग पर चिन्हित किये गए दुकानदार एवं मकान मालिक चार अगस्त तक अपना अतिक्रमण स्वयं हटालें अन्यथा 5 अगस्त को विभाग द्वारा बुल्डोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी,जिसका हर्जा खर्चा भी सम्बंधित अतिक्रमणकर्ता से वसूल किया जाएगा।इस घोषणा के बाद प्रभावित दुकानदारों एवं मकान स्वामियों में खलबली मची हुई है।

# नगर पंचायत ने कांवड़ियों का फूल वर्षा कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों का फूल वर्षा कर स्वागत किया। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की भक्ति और पूजा-अर्चना कर रहे कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। कांवड़ियों का स्वागत करना एक धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा है। यह आयोजन सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है। फैजान खान ने कांवड़ियों के स्वागत में महत्वपूर्ण भूमिका रही वहीं थाना प्रभारी ने भी कांवड़ियों का स्वागत किया । नगर के बॉर्डर पर लोगो ने कांवड़ ला रहे कांवड़ियों को केले फल आदि भेट किए।

# ड्रोन की अफवाहों पर ना दें ध्यान, मित्तरपुर में चौपाल लगाकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** ड्रोन की अफवाह जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी पंकज पंत ने रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम मित्तरपुर अहरोला और मंगोली में चोपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया पुलिस ने कहा कि नगर ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के होने की सूचना तत्काल पुलिस को दे। ड्रोन की अफवाहों पर ध्यान ना दें। सोशल मीडिया का प्रयोग सकारात्मकता के लिए करें। प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत और हल्का कांस्टेबल कोशिंदर द्वारा अपने अपने क्षेत्र में ड्रोन व गांवों में फैल रही अफवाहों को लेकर लोगों को ड्रोन के



प्रति जागरूक किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने बताया कि कुछ लोग स्वयं के ड्रोन को उड़ाकर सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए प्रसारित कर रहे हैं। इस मौके पर नावेद नबी कामिल आमिल खान राजीव आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएम अभ्युदय कोचिंग में अध्यापन कार्य हेतु विषयवार शिक्षक 14 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमन्त्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत कोचिंग का संचालन राजकीय रजा इण्टर कॉलेज रामपुर मे चल रहा है।

जिसमें वर्तमान समय में यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट तथा वन डे एक्जाम की कक्षायें संचालित है योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विषय में अध्यापन कार्य उपलब्ध कराने हेतु विषय विशेषज्ञों या अध्यापकों की आवश्यकता है, जो सुचारु रुप से अभ्यर्थियों का मार्ग-दर्शन कर सकें। इच्छुक अध्यापक या किसी विषय का विशेषज्ञ जो आवश्यकतानुसार विषय का अनुभव रखता हो, जनपद रामपुर के किसी गैर सरकारी इण्टर/डिग्री कॉलेज या मुरादाबाद मण्डल के किसी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में अध्यापन का कार्य कर रहा हो अपना रिज्यूम, संस्था द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र तथा कॉलेज द्वारा एनओसी को विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में 14 अगस्त 2025 तक जमा कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत जारी एस.ओ.पी. अनुसार आवेदन का सर्वप्रथम परीक्षण किया जायेगा तत्पश्चात साक्षात्कार उपरान्त ट्रायल क्लास के फीडबैक के आधार पर नियत किये गये अध्यापकों को प्रति व्याख्यान रूपये 2000 के अनुसार भुगतान किया जायेगा। योजना के अंतर्गत अध्यापक केवल एक बार ही आवेदन कर सकता है। वह अध्यापक या विषय विशेषज्ञ आवेदन नहीं कर सकते है जिन्होनें पूर्व में आवेदन किया है।

पक की आवश्यकता है मात्र उसी विषय के अध्यापक का आवेदन स्वीकार्य किया जायेगा। निदेशालय समाज कल्याण उ.प्र., लखनऊ द्वारा योजना के अन्तर्गत जारी एस.ओ.पी. के अन्दर अध्यापक/विषय विशेषज्ञ के सम्बन्ध में जारी निर्देशानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## एक नजर

### लगातार गंगा का जलस्तर बढ़ने पर खादर क्षेत्र के लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जलस्तर में बढ़ोतरी होने के कारण गंगा में उफान बढ़ने से खादर क्षेत्र में बाढ़ आने की आशंका को लेकर व्याप्त बेचौनी और भी बढ़ती जा रही है। निचले जंगल में पानी भरने से मक्खी मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही फसलों में बर्बादी होने से पशुओं के चारे की किल्लत गहराती जा रही है।

उत्तराखंड के पहाड़ों के साथ ही दिल्ली एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दूर दूर तक झमाझम बारिश होने का सिलसिला पिछले तीन दिनों से निरंतर जारी चल रहा है। जिससे जलस्तर में बढ़ोतरी होने से गंगा में तेजी के साथ उफान बढ़ने से खादर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों में रहने वाले हजारों परिवारों में अजीब सी बेचौनी व्याप्त हो रही है। जिन्हें बारिश का क्रम अगले तीन चार दिनों तक इसी तरह चलने पर अभी से गंगा में बाढ़ आने का डर सताने लगा है। लोगों का कहना है कि पहाड़ों के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से जलस्तर में बढ़ोतरी होने से गंगा में उफान बढ़ता जा रहा है। बुधवार से लेकर बृहस्पतिवार की देर शाम तक 16 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी होने से गढ़ ब्रजघाट गंगा का जलस्तर बढ़कर समुद्र तल से 198.46 मीटररे निशान पर पहुंचने के बाद भी बढ़ोतरी होने का सिलसिला जारी चल रहा है।

### विधायक को ज्ञापन सौंपकर की अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष डीपी निषाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और मछुआ समाज के लोगों ने शनिवार को सीएम के नाम विधायक हरेंद्र तेवतिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मछुआ समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपते हुए डीपी निषाद ने कहा कि कार्मिक अनुभाग-2 की अधिसूचना और 22 मई 1957 के शासनादेश में 1976 के संशोधन अधिनियम के अनुपालन किया जाए। उन्होंने कहा कि उप्र लोक सेवा अनुसूचित जातियों, जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण अधिनियम- 1991 में संशोधन कर निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी, मछुआ जैसी जातियों को पिछड़ी जाति की सूची से निकाल दिया गया है। वहीं पिछड़ी जाति की दूसरी सूची बनाए जाने, जिसमें मछुआरों का नाम हटाए जाने की अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि यह जातियां दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड जैसे राज्यों में आज भी अनुसूचित जाति/जनजाति की श्रेणी में सम्मिलित हैं। ज्ञापन देने वालों में कुलदीप निषाद, अशोक निषाद, महेश केवट, टीटू निषाद, मुनेश निषाद, दीपांशु निषाद, सुखदेव निषाद, केशव निषाद आदि शामिल रहे।

# पुलिस व एसटीएफ से हुई मूठभेड़ की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

**गढ़मुक्तेश्वर।** नोएडा और बिहार एसटीएफ समेत सिंभावली पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में बिहार का मोस्ट वांटेड इनामी बदमाश डब्लू यादव की मौत होने की मजिस्ट्रीयल जांच होगी।सिंभावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव बड्डा के जंगल से होकर निकल रही नहर के पुल पर चौराहे के पास नोएडा और बिहार एसटीएफ समेत सिंभावली पुलिस की संयुक्त टीम की 27 जुलाई की देर रात को दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई थी। जिसमें पीठ पर गोली लगने से बिहार का मोस्ट वांटेड 50 हजार का इनामी बदमाश डब्लू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठाकर पास के खेतों में खड़ीं फसलों में छिपकर फरार हो गया था। जहां इलाज के दौरान घायल डब्लू यादव की मौत हो गई थी। संबंधित मुठभेड़ में डब्लू यादव पुत्र सूर्य नारायण यादव उर्फ सूरज यादव निवासी गांव ज्ञानटोला थाना साहेबपुर कमाल जिला बेगुसराय की मुठभेड के दौरान गोली लगने से मौत होने के मामले की अब मजिस्ट्रीयल जांच होगी। डीएम अभिषेक पांडेय द्वारा मजिस्ट्रीयल जांच के लिए गढ़ एसडीएम अंकित कुमार वर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसडीएम ने बताया कि संबंधित मुठभेड़ से जुड़े प्रकरण के संबंध में अगर किसी व्यक्ति को कुछ भी कहना हो अथवा कोई भी साक्ष्य, ऑडियो, वीडियो अथवा अन्य अभिलेख आदि प्रस्तुत करना हो तो वह 14 अगस्त तक किसी भी कार्य दिवस में उनके समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है।

# भाजपा नगर मण्डल मिलक की परिचय बैठक में कार्यकर्ताओं ने दिखाई एकजुटता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल मिलक की एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर, मिलक के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मण्डल अध्यक्ष ममता अत्री ने की।

कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं का परिचय और आगामी रणनीतिक कार्यक्रमों पर चर्चा करना रहा। बैठक में कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश चंद्र गंगवार तथा मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा



जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडेय उपस्थित रहे।अपने संबोधन में गंगवार ने कहा भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जिसकी शक्ति निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ताओं में निहित है। हमें बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर जनसेवा और राष्ट्रहित में कार्य करना है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा मुन्नी देवी गंगवार ने कहा कि महिला मोर्चा को और अधिक संगठित कर महिलाओं को भाजपा की योजनाओं से जोड़ने का समय आ गया है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने पर बल दिया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता राम बहादुर गंगवार, भाजपा नेता कुंवर, नरेंद्र गंगवार, डॉ. राजकुमार महेश्वरी तथा वरिष्ठ पदाधिकारीगण चंद्र प्रकाश शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज पांडे, मंडल महामंत्री वीरपाल राजपूत, नन्हें राम पांडे, साईयां सक्सेना, वीरपाल गंगवार, राजीव गंगवार, सरदार देवेन्द्र सिंह, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# श्रावण मास को लेकर ब्रजघाट पर अधिकारियों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रावण मास के पावन अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर द्वारा थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत पवित्र तीर्थ स्थल ब्रजघाट का दौरा कर वहां की यातायात, सुरक्षा व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने ब्रजघाट पहुंचकर सबसे पहले कांवड़ मार्ग, पार्किंग स्थल, स्नान घाटों तथा श्रद्धालुओं के ठहराव स्थलों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों से वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि श्रावण मास के दौरान ब्रजघाट पर श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक वृद्धि होती है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ब्रजघाट पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, घाटों पर नियमित रूप से सफाई हो, श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल और चल-अचल शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही मेडिकल कैंप और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था 24 घंटे चालू रखी जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत राहत दी जा सके। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से




निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में श्रद्धालुओं को जाम जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े। यातायात को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात किए जाएं। साथ ही उन्होंने CCTV कैमरों की स्थिति, ड्रोन निगरानी, अस्थायी पुलिस सहायता केंद्रों और नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि घाटों पर पर्याप्त रोशनी हो और सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग की जाए। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड, गोताखोर दल और एंबुलेंस सेवाएं स्टैण्डबी में रहें। अंत में अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, धैर्य और संयम बनाए रखें, और किसी भी परेशानी की स्थिति में तुरंत पुलिस या प्रशासन से संपर्क करें। प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रावण मास के दौरान हर श्रद्धालु को सुरक्षित, सुविधाजनक और शांतिपूर्ण वातावरण प्राप्त हो।

# अवैध हथियार के साथ कुख्यात चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में थाना हाफिजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी के प्रयास के एक मुकदमे में वांछित चल रहे अपराधी इरफान को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के वक्त आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी इरफान पुत्र कदीर निवासी पटना मुरादपुर, थाना हापुड़ देहात, थाना हाफिजपुर क्षेत्र में चोरी के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहा था। शुक्रवार रात पुलिस ने कपूरपुर वाले रास्ते से इरफान को दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड बेहद संगीन है। उसके खिलाफ मुजफ्फरनगर और हापुड़ के विभिन्न थानों में कई गंभीर



मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बरामद तमंचा और कारतूस के आधार पर शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जे एम एस में वॉलीबॉल का महासंग्राम, जीत के जश्न में डूबीं टीमें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल बालक वर्ग प्रतियोगिता के चौथे दिन जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल का परिसर खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और जीत के उल्लास से सराबोर रहा। अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों में खिलाड़ियों ने जिस दमखम और जज़्बे के साथ मुकाबले लड़े, उसने दर्शकों को तालियों और जयकारों से झूमने पर मजबूर कर दिया।

सरस्वती कलाडूंगी स्कूल, एम.एच. पब्लिक स्कूल नोएडा, बाल बाड़ी पब्लिक स्कूल मोदीनगर, ब्राइट होम पब्लिक स्कूल नानौता और सहारनपुर शाखाएं, छबील दास ग़ाज़ियाबाद, डी.पी.एम. पब्लिक स्कूल मवाना, आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली और आई.आई.एम.टी. मेरठ



ने अपने शानदार प्रदर्शन से विपक्षी टीमों को शिकस्त देते हुए अगले दौर में जगह बना ली। बाबू बोधराज़ पब्लिक स्कूल बुलंदशहर, मॉडर्न नेशनल स्कूल ग़ाज़ियाबाद, सेंट मैरी स्कूल गजरौला, विद्या वर्ल्ड स्कूल बरेली, सेंट फ्रांसिस स्कूल, चैतन्य टेक्नो स्कूल सहारनपुर, सेक्रेड हार्ट बरेली, के.डी. पब्लिक स्कूल बुलंदशहर, डी.डी.पी.एस. मुजफ्फरनगर, के.के.पी.एस. मेरठ, द आर्यन स्कूल मेरठ, रेनेसां स्कूल बुलंदशहर, शिवालिक कैम्ब्रिज स्कूल आगरा, सेंट टेरेसा स्कूल नैनीताल, रमनलाल स्कूल मथुरा, आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल उत्तराखंड, कान्हा माखन स्कूल मथुरा, सेंट सी.एफ़. एंड्रयू आगरा, सोफिया इंटरनेशनल स्कूल सहारनपुर और बालबाड़ी स्कूल मोदीनगर जैसी टीमों ने विरोधियों को पटखनी देते हुए अगले चरण का टिकट कटा लिया। जैसे ही जीत की घोषणा हुई, खिलाड़ियों की टोलियां खुशी में झूम उठीं। जे.एम.एस. स्कूल का मैदान जैसे उनके जश्न में शामिल हो गया। फूल, पत्ते, हवा सब उनके उल्लास के संग थिरकते नज़र आए। प्रतियोगिता का समापन समारोह कल आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बृज भूषण शरण सिंह शामिल होंगे। समापन अवसर पर विजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

# हरमिलाप मंदिर में माँ बगलामुखी महायज्ञ की पूर्णाहुति, धर्मरक्षा का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हरमिलाप मंदिर में चल रहे मां पीताम्बरा बगलामुखी महायज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर ने चेताया कि भारत में तेजी से शरिया कानून की ओर बढ़ने वाले हालात में हिन्दुओं को संगठित होना चाहिए। उन्होंने सनातन वैदिक ज्ञानपीठ की स्थापना के लिए सहयोग की अपील की।

शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने माँ बगलामुखी की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माँ बगलामुखी का महायज्ञ कल्पवृक्ष के समान है। इसमें श्रद्धा से भाग लेने वाला भक्त अपनी सात्विक मनोकामनाएं पूरी कर सकता है। महामंडलेश्वर ने बताया कि माँ



बगलामुखी विजय और सद्बुद्धि की देवी हैं। तंत्र साधना में इन्हें ब्रह्मास्त्र माना जाता है। श्रीराम, श्रीकृष्ण, अर्जुन और कर्ण जैसे योद्धा इनके उपासक रहे हैं। उन्होंने हिन्दुओं से आहवान किया कि वे सनातन धर्म की रक्षा के लिए माँ बगलामुखी की शरण लें। महामंडलेश्वर ने बैठक में सनातन वैदिक राष्ट्र की स्थापना की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि यदि यहूदियों की तरह हिन्दुओं का भी एक राष्ट्र होता, तो पाकिस्तान और बांग्लादेश में हो रहे हिन्दू नरसंहार रोके जा सकते थे। उन्होंने बांग्लादेश में इस्कॉन के चिन्मय दास को जेल में डालने और हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा किसी यहूदी के साथ हुआ होता तो इजरायल युद्ध कर देता। महायज्ञ में यति सत्यदेवानंद, यति अभयानंद, डा. उदिता त्यागी, पंडित सुनील दत्त शर्मा और पंडित सनोज शास्त्री सहित कई संत-विद्वान उपस्थित रहे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जयघोषों के साथ धर्मरक्षा की शपथ ली।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी रामपुर की मासिक बैठक पूर्व विधायक संजय कपूर के जौहर अली रोड सिविल लायंस स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय कपूर अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने की। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिसमें सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।




संजय कपूर पूर्व विधायक एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ही मात्र एक विकल्प है जो साम्प्रदायिक शक्तियों को हरा सकती है और हमारे जन नायक राहुल गांधी ही एक मात्र ऐसे नेता हैं जो मोदी सरकार से आंख में आंख डालकर बात करते हैं जनता बेहद परेशान है रोजगार है नहीं ऊपर से मंहगाई ने कमर तोड़ दी है हमें संगठन को मजबूत करने के लिये जनता की बुनियादी समस्याओं को हल करना होगा और हर बूथ मजबूत करना होगा।

जिला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कार्य कर्ताओं को आवाह्न करते हुए कहा कि एक जुट हो कर हमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है और हर अन्याय के विरूद्ध मजबूती के साथ लडना है 2027 में सरकार बनाने के लिये अभी से बूथ स्तर तक मेहनत करनी होगी आपने जिला पंचायत चुनाव के लिये निष्ठावान और जिताऊ उम्मीदवारों के तीन तीन नाम हर वार्ड से चयनित करके देने के लिये कहा ताकि प्रदेश इकाई को भेजे जा सकें।

आपने सभी पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाने पर जोर देते हुए कांग्रेस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। नगर अध्यक्ष बाकर खां ने सभी आने वाले पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बूथ कमेटी शीघ्र अतिशीघ्र बनाने पर जोर दिया।

साहिर रजा खां उपाध्यक्ष ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने घरों पर और गाड़ियों पर झंडा लगाने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस बहुत मजबूती और नये साहस के साथ उभर रही है उसका प्रचार प्रसार भी अति आवश्यक है।

जिसमें वक्ताओं ने संगठन सृजन को लेकर विस्तृत चर्चा की जिला पदाधिकारियों एवं ब्लाक अध्यक्षों से मण्डल अध्यक्ष, मण्डल कमेटी बनाने पर विशेष चर्चा हुई, तथा मण्डल कमेटी बनाने को लेकर ब्लाक प्रभारी को तत्काल सूची उपलब्ध कराने का निर्देश जिलाध्यक्ष ने दिया, जिसको समस्त ब्लाक अध्यक्ष व प्रभारियों ने जल्द उपलब्ध कराने को स्वीकार किया तथा समस्त जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने-अपने ब्लाक में मण्डल कमेटी के गठन में ब्लाक अध्यक्षों का सहयोग कर कमेटी गठन कराने में अपनी महत्त्व पूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष एस के अग्रवाल, शहर अध्यक्ष वाकर अली खां, नजाकत अली, साहिर रजा खां, एहसान खान राजू, डॉक्टर जफर वासिक अली, सिराज खां, शकील मंसूरी, जालिस अहमद, महेश मौर्य, विपिन रोहेला, चितरंजन श्रीवास्तव, जयदीप द्विवेदी, शानू खां, मोहसिन अंसारी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष यासिर खां,मोहम्मद रफी, नइमुद्दीन टांडा, ,दानिस अंसारी, कपिल चौधरी तंजुल शर्मा, आसिफ अंसारी, सरदार जसविंदर सिंह, मोहम्मद इरफान, नोमान मुमताज खां, फरीद खा, आशुतोष रस्तोगी, मोज्जम अली खां, शमीना खां, फराह खान संचालन वरिष्ठ कॉग्रेसी जिला प्रवक्ता ताहिर अंजुम ने किया।

# समिति द्वारा कांवड़ियों को कराया गया जलपान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** रविवार को श्री सत्य साईं सेवा समिति रामपुर के तत्वधान में श्रद्धा स्वरूप शिवभक्त कांवरियों के स्वागत सत्कार एवं जलपान फलाहार हेतु दिनांक 03 अगस्त 2025 को मोबाइल सर्विस अंबेडकर पार्क से जीरो पॉइंट कोसी पुल हाईवे सिहोरा आदि स्थानों पर की गई।



सेवा में बोलते हुए समिति जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार नंदा जी ने स्वयं सेवको को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1994 से श्रद्धा स्वरूप शिवभक्त कांवरियों की सेवा समिति द्वारा की जा रही है उन्होंने कहा कि उक्त सेवा पूर्व संयोजक एवं वरिष्ठ साईं भक्त एस,एस माथुर एवं डॉक्टर अनुज भटनागर के निर्देशन में प्रारंभ की गई। जो पिछले 32 वर्षों से नियमित रूप से की जा रही है उन्होंने कहा कि हमें हर परिस्थिति में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समिति में किए जा रहे कार्यों को पूर्ण करना चाहिए हमें मानव सेवा माधव सेवा को ध्यान में रखकर सेवा कार्य करना चाहिए। जिला सेवादल प्रभारी राजेंद्र कुमार सक्सेना ने कहा कि अनुशासन में रहकर स्वच्छता के साथ सेवा कार्य करना चाहिए। मोबाइल सेवा 4 घंटे की गई है। जिसमें फल एवं जल आदि का वितरण किया गया। उक्त सेवा में सर्व राजेंद्र कुमार सक्सेना , विपुल आनंद , साईं समर्थ, सार्थक सक्सेना, तेजस आदि भक्तों ने उक्त सेवा में अपना सहयोग करके कार्यक्रम सफल बनाया।

# राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ रामपुर ने किया भंडारे का आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ के द्वारा भगवान शिव की कृपा से कांवरियों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सूर्य प्रकाश पाल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, अनिता सूर्य प्रकाश पाल विभाग कार्यवाहिका राष्ट्र सेवा समिति एवं राजेंद्र कुमार अग्रवाल (वरिष्ठ सेवक) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना करके किया गया। इस मौके पर संगठन की प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष व समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चेयरमैन पुत्र ने फ्री हेल्थ कैम्प का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**स्वार/रामपुर।** जनपद की नगर पंचायत नरपतनगर में चेयरमैन पुत्र एडवोकेट मोहम्मद आसिफ ने एक फ्री हेल्थ कैंप का फीता काटकर उद्घाटन किया। रविवार को नगर पंचायत नरपतनगर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के सामने मौलाना बशारत की बिल्डिंग में गरीब लोगों की सहूलियत के लिए चेयरमैन पुत्र एडवोकेट मोहम्मद आसिफ ने एक फ्री हेल्थ कैंप लगवाया जिसमें केव. ीआर हॉस्पिटल काशीपुर से डॉक्टरों की टीम आयी और मरीजों की फ्री जांच की। जांच में फ्री एक्स रे, कैल्शियम की जांच, बीएमडी (हड्डियों की जांच),सुगर एवं बीपी की जांच बिलकुल फ्री की गई। मरीजों की जांच के बाद उन्हें तीन दिन की फ्री दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ भी



मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ वासिफ सुल्तान ने अच्छी सेहत रखने के किए लोगों को पौष्टिक आहार लेने और नियमित रूप से व्यायाम एवं रूटीन हेल्थ चेक अप कराने के लिए कहा। इस मौके पर चेयरमैन पुत्र एडवोकेट मोहम्मद आसिफ ने कहा की नगर में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत खराब है पच्चीस हजार की आबादी वाले नगर में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है जिससे लोगों को अपने इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है ,इसके लिए सीएमओ रामपुर एवं जिला अधिकारी से मिलकर एक पत्र देने की बात कही जिसमें 30 बेड का एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरपतनगर में बनाये जाने और एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति कराने की माँग की जाएगी। जिससे गरीब लोगों को मुफ्त इलाज मिलेगा और नगर की स्वास्थ्य व्यवस्था अच्छी बनेगी। कैम्प में लगभग 250 मरीजों ने फ्री हेल्थ चेक अप कराया। इस मौके पर चेयरमैन पुत्र एडवोकेट मोहम्मद आसिफ, डॉ विवेक आनंद पाल(एमएस ऑर्थो), डॉ वासिफ सुल्तान (बीयूएमएस, ईएमओ आर्थो ),सभासद मोहम्मद जिलानी , सभासद नफीस अहमद,सभासद मोहम्मद सिराज , सभासद जफर अली, शाहरुख लम्बरदार और मेमंत(कैम्प कॉर्डिनेटर), मेराज अली, अय्यूब अली ,अनस ,सजा. उद्दीन, ओपीडी स्टाफ अरशद, कृति, स्नेहा,मुस्कान, आकाश, जशन आदि लोग मौजूद रहे।

# एक नफर वारन्टी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक खानम।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारन्टी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई । पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार की रात्रि थाना मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए।

विनोद पुत्र रामपाल निवासी ग्राम माटखेड़ा को सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि.सूरज सिंह चौहान, का.अजय विक्रम, मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

# हॉप एंड बिलीव चाइल्ड डेवलपमेन्ट सेंटर का भव्य शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद रामपुर में रविवार को होप एंड बिलीव चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर का भव्य शुभारंभ फीता काटकर डॉक्टर ताज मोहम्मद ने बतौर मुख्य अतिथि किया गया।



इस दौरान काफी लोग इस मौके पर मौजूद रहे वहीं डॉक्टर नदीम ने बताया में पिछले चार सालों से स्पेशल बच्चों के साथ काम कर रहा हूं और आज हमारे सेंटर का उद्घाटन हुआ है और आज एक कैंप का भी आयोजन किया गया है जहां पर आज मेंटली और फिजिकल डिले बच्चों का फ्री असेसमेंट किया जा रहा है। डॉ.नदीम ने बताया हमारे यहां ऑक्यूपेशन थेरेपी की फैसिलिटी अवेलेबल है फिजियोथैरेपी की फैसिलिटी अवेलेबल है ग्रुप थेरेपी इसके साथ-साथ सभी फैसिलिटी हमारे यहां अवेलेबल है।

वहीं इस्मा रफी ने मीडिया से बात करते हुए बताया आज हमारे सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया है हमारा मकसद इस केंद्र को खोलने का यह है कि जो पैरेंट्स एवेर नही है उनको एवेर करने के लिये हमने सेन्टर खोला है और हमारे यहां तरह की थेरेपी की फैसिलिटी अवेलेबल है तो एक बार हमारे सेंटर पर जरूर आए हमारा पता है होप एंड ब्लू चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर जामिया तूल सुवालेहात के सामने प्रीति नर्सिंग होम के पीछे बचपन प्ले स्कूल के बराबर एक बार जरूर तहरीफ लाएं।

# सैफनी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया चालान




शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में रविवार को 1 अभियुक्त अमीर आलम पुत्र मरगूत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बेरुआ द्वारा शहाना पत्नी अमीर आलम के साथ मुकदमा लिखाने को लेकर आमदा फसाद होने पर अंतर्गत धारा 170/126/135 बी एन एस एस में गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहबाद पेश किया।

# जैन समाज की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** तीज के पावन अवसर पर जैन समाज की महिलाओं ने होटल मूड फूड में हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ तीज महोत्सव मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर एक-दूसरे को तीज की बधाई दी और सावन के रंगों में रंगी शाम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंक्चुअलिटी गेम से हुई, जिसमें समय पर आने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके बाद अलग-अलग मनोरंजक खेलों ने सभी को खूब गुदगुदाया। "सरप्राइज राउंड" और "सावन सुंदरी प्रतियोगिता" ने तो कार्यक्रम की रौनक ही बढ़ा दी। इस प्रतियोगिता में महिलाओं ने फैशन, गरिमा और पारंपरिकता के संगम से मंच पर अपनी अदाएं बिखेरी।

कार्यक्रम में ष्तंबोलाष खेल ने भी सभी की भागीदारी और उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया। सावन के गीतों पर महिलाओं ने जमकर झूमते हुए भाईचारे और उल्लास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों की विशेष व्यवस्था ने शाम को और भी खास बना दिया।



इस आयोजन की कन्वीनर डा शीनू जैन और वर्षा जैन ने बड़े ही कुशलता से इस कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई। पूरी टीम के प्रयास से यह आयोजन बेहद सफल और यादगार बन गया।

जैन समाज की महिलाओं ने इस आयोजन के जरिए न केवल पारंपरिक त्योहार को जीवंत किया, बल्कि आपसी मेल-जोल और संस्कृति को संजोने का भी सराहनीय प्रयास किया।

# प्रजापति समाज ने कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा की



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रजापति समाज के पदाधिकारियों ने कोसी पुल के निकट कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। समाज के सभी लोग गांधी समाधि बाईपास होते हुए कोसी पुल तक पहुंचे। गुलाब लेकर कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा की गई, साथ ही केले वितरण कर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। इस दौरान लाल सिंह प्रजापति, गंगाराम प्रजापति, संजू बाबा प्रजापति, दिनेश कुमार प्रजापति, डालचंद गोला, राजीव प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांप काटने की स्थिति में क्या करें, क्या न करें, गाइडलाइन जारी

**सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं, झाड़-फूक न करायें**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** यदि सांप किसी को काट ले तो डरना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसे समय में घबराएं नहीं और न ही जल्दबाजी में कोई ऐसा कदम उठाएं, जिससे जान को खतरा हो। ऐसी स्थिति में हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इस बात की सही जानकारी कर लेना अति आवश्यक है।

बारिश के दौरान सर्प दंश की घटनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर ने बताया कि सर्प दंश की विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई है। उन्होंने बताया कि सांप काटने की स्थिति में सबसे पहले रोगी को आश्वस्त करें, क्योंकि लगभग 70 से 80 प्रतिशत सांप के कटाने के मामले गैर विषैले होते हैं। घायल व्यक्ति को सांत्वना दें क्योंकि घबराहट से हृदय गति तेज हो जायेगी और जहर सारे शरीर में जल्द फैल जायेगा। सांप के रंग व आकार को देखने और याद रखने की कोशिश करें।

शरीर के प्रभावित हिस्से से अंगूठियों, घडी, आभूषण, जूते व तंग कपड़े हटा दें, ताकि प्रभावित हिस्से से रक्त की



आपूर्ति न रुके। सर्पदंश से प्रभावित अंग को स्थिर कर दें, उसे हिलाने-डुलाने से बचे। पीड़ित को जितनी जल्दी हो सके नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं। पीड़ित व्यक्ति का सिर ऊँचा करके लिटाएं या बैठाएं। घाँव को तुरन्त साबुन या गर्म पानी से साफ करें। सांप काटने का समय नोट करें ताकि जरूरत पड़ने पर आपातकालीन कक्ष स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को इसकी सूचना दी जा सके। पीड़ित व्यक्ति को शांत और स्थिर रहने के लिए कहें। काटे हुए अंग को हृदय के लेवल से नीचे रखे। उन्होंने बताया कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक न कराएं। सर्पदंश वाले अंग को न मोंडे। ऊंची जमीन पर जाने के लिए पानी में तैरते समय सांपों से सावधान रहें। सांप को अपने आस-पास देखने पर धीरे-धीरे उससे पीछे हटें। सांप को पकड़ने या मारने की कोशिश न करें। मलवे या अन्य वस्तुओं के नीचे सांप हो सकते हैं इसलिए सतर्क रहे। घाव को काटने का प्रयास न करें। सांप के काटने पर बर्फ न लगाएं क्योंकि बर्फ रक्त संचार को अवरूद्ध कर सकती है। जहर चूसने के लिए अपने मुँह का प्रयोग न करें। शराब, कैफीन आदि न पियें या कोई दवा न लें। सर्पदंश किट का प्रयोग न करें। व्यावसायिक किटों में अक्सर चीरा लगाने के लिए एक ब्लेड होता है जो शरीर की आंतरिक संरचनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। किट में कभी-कभी सक्शन उपकरण भी शामिल होते हैं, जो जहर निकालने में अप्रभावी होते हैं। जब तक आप मोटे चमड़े के जूते न पहने लंबी घास से दूर रहें और जितना संभव हो लंबी पैदल यात्रा के रास्तों पर रहें।

# ग्राम प्रधान की रंगदारी के आरोप में जमानत हाई कोर्ट से मंजूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शहजादनगर।** थाना क्षेत्र के कमोरा गांव की प्रधान जमानत हाई कोर्ट से मंजूर हो गई है। गांव की रईस अहमद की पत्नी पूर्व प्रधान साइना बेगम ने रिश्वत देने, रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी देने व षड्यंत्र रचने के आरोप लगाकर पूर्व चौकी इंचार्ज राजीव त्रिपाठी, कांस्टेबल अंकित कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों और ग्राम प्रधान बिलकीस, सद्दाम उस्मानी एडवोकेट व शकील के खिलाफ थाना शहजादनगर में मुक. दमा दर्ज कराया था। शाइना बेगम ने चौकी इंचार्ज को रुपए देने का कथित वीडियो भी दिया था जिसके आधार पर मानवाधिकार आयोग ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार ने करते हुए चौकी इंचार्ज और पुलिस कर्मियों के नाम निकालते हुए विवेचना थाना शहजादनगर ट्रांसफर कर दी। मुकदमे में आए अभियुक्तों को भी मुलजिम बनाया गया था जिसके आधार पर पुलिस ने रियासत, कय्यूम जहां ओर जाबिर को पकड़कर न्यायालय में पेश किया था जहां से उन्हें जेल भेज दिया था। इसी मामले में ग्राम प्रधान ने सेशन न्यायालय में अग्रिम जमानत लगाई थी जिसको खारिज कर दिया था तो अग्रिम जमानत हाई कोर्ट में लगाई जहां से न्यायालय ने यह कहते हुए जमानत प्रदान की कि मामले जमानत देने का आधार प्रयाप्त है। उच्च न्यायालय से उन्हें जमानत मिल गई है।

# अधिवक्ताओं के हाई कोर्ट बेंच की मांग का होटल एसोसिएशन ने किया समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाइकोर्ट की बेंच के लिए अधिवक्ताओं के आंदोलन को रामपुर होटल एसोसिएशन द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया है। रामपुर होटल एवं वेंकेट हॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीष गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम में अधिवक्ताओं की मांग का पूर्ण समर्थन किया गया है।

श्रीष गुप्ता ने कहा कि प्रयागराज काफी दूर पड़ता है, सीधी ट्रैन भी कम है ।जबकि रामपुर केंद्र में पड़ता है यहां भूमि भी उपलब्ध है , ट्रैन, बायु सेवा, सड़क मार्ग से सीधा जुड़ा है। सस्ता भी है होटल भी उपलब्ध है। अतः रामपुर में हाइकोर्ट की बेंच बनाई जानी चाहिए। रामपुर बार एसोसिएशन ओर रामपुर के राजनीतिक दलों को रामपुर में हाई कोर्ट बेंच के लिए प्रयास करना चाहिए। इस से रामपुर का पिछड़ापन भी दूर होगा कारोबार बढ़ेगा।

# नगर पालिका में कई स्थानों पर लगे ठंडे पानी के फ्रीजर

**चेयरमैन सैय्यद आबिद अली ने किया उद्घाटन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**आंवला।** रविवार को आंवला चेयरमैन सैय्यद आबिद अली ने सम्मानित सभासदों के साथ नगर के कुछ मुख्य स्थानों पर ठंडे पानी के फ्रीजर का फीता काटकर उद्घाटन किया।



जिसमें वार्ड नं. 21 में सभासद पति बॉबी अग्रवाल के साथ अरविंद पंडित पंडित प्रशांत शर्मा , मीडिया प्रभारी आदिल शेख, किशोर सागर, राजेश मौर्य , दयाराम मौर्य, इवने हसन , इत्यादि तथा वार्ड संख्या 22 में सभासद प्रवीन सिंह उर्फ बिल्लू, पूर्व सभासद नवीन सिंह, हसीन मंसूरी, वसीम मंसूरी इत्यादि तथा वार्ड संख्या 14 में सभासद जनाब मोहम्मद अहमद, वकील खां, शाकिर खां, असलम मियां, शकील नेता, इत्यादि तथा वार्ड संख्या 10 में सभासद सुनील यादव , ओमकार आचार्य, राकेश गौड़, अवनेश यादव, इत्यादि व शहर के सभी सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# रामपुर में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के नए संगठन की गई घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी संगठन का ऐलान हो गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के दिशा निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार के आह्वान पर रामपुर पदाधिकारी संगठन का ऐलान किया गया है, जिसमें एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री परवेज खां और मुरादाबाद और बरेली मंडल के अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज के द्वारा ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खान की मौजूदगी में एसोसिएशन के संगठन का ऐलान किया गया है, ग्रामीण पत्रकार



एसोसिएशन के संरक्षक मेराज अहमद निजामी और असीम अजीज को बनाया गया है।

उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, हरपाल यादव, फवाद खां, शारिक खां, सैयद अथर मियां को बनाया गया है, महासचिव सैयद नदीम मियां को बनाया गया है,कोषाध्यक्ष आजम खां को बनाया गया है, मीडिया प्रभारी नवाज खां को बनाया गया है, जिला सचिव अलीम खां, इमरान खां को बनाया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम पासपोर्ट में SHANABAZ है जबकि मेरा सही नाम SHAHNABAZ है। भविष्य में मुझे SHAHNABAZ नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**शाहनवाज पुत्र सईद अहमद ग्राम जुठिया जिला रामपुर।**

# भारतीय पेसर्स ने वापसी की उम्मीद जताई

## ओवल टेस्ट: रूट 105, ब्रुक 111 रन बनाकर आउट, इंग्लैंड को 35 रन चाहिए, 4 विकेट बाकी

**लंदन, वार्ता।** भारत के खिलाफ 374 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम ओवल टेस्ट जीतने से 35 रन दूर है। इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। जैमी स्मिथ और जैमी ओवर्टन क्रीज पर हैं। जो रूट 105 रन और हैरी ब्रुक 111 रन बनाकर आउट हो चुके हैं।

रविवार को मैच का चौथा दिन है। भारत जीत से 4 विकेट दूर है, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। जैकब बेथल (5 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड किया। हैरी ब्रुक (111 रन) को आकाश दीप ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। लंच से पहले ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया। एक दिन



पहले भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर आलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे। 73वें ओवर में इंग्लैंड ने छठा विकेट गंवा दिया है। यहां जो रूट 105 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने विकेटकीपर ब्रुक जुरेल के हाथों कैच कराया। 69वें ओवर में जो रूट ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने आक.ाश दीप के ओवर की पहली बाल को डीप स्क्वेयर लेग में खेलकर अपना शतक पूरा किया। शतक बनाने के बाद रूट ने अपने बल्ले को चूमा और फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। ओवल टेस्ट के चौथे दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड ने एक विकेट गंवाया और 153 रन बना डाले। 63वें ओवर में इंग्लैंड ने 300 रन का आंकड़ा पार किया। हैरी ब्रुक ने आकाश दीप के ओवर में लगातार दो चौके लगाकर टीम स्कोर 300 पार पहुंचाया। इसी ओवर की चौथी बाल पर आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को सिराज के हाथों कैच कराया। यहां आकाश ने 195 रन की साझेदारी ब्रेक की। शाट खेलने के प्रयास में ब्रुक के हाथ से बल्ला छूआ और वे कैच आउट हो गए। 61वें ओवर में हैरी ब्रूक ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने इस सीरीज में दूसरा शतक लगाया है।



# पाक को हरा द. अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूटीसीएल का खिताब जीता

● **फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया। मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया।

एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। डिविलियर्स ने टूर्नामेंट के 6 मैचों में 429 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला। डुमिनी ने नाबाद 50 रन बनाए एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाक के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे।

## अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाक

● **पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लिया बड़ा फैसला, भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इन्कार कर दिया था।

इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की। पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संच.ालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आयु धोखाधड़ी रोकने को स्क्रीनिंग एजेंसी नियुक्त करेगा बीसीसीआई

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई आयु-धोखाधड़ी रोकने और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। हाल ही में एक आरएफपी जारी किया गया है, जिसमें सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस आउटसोर्स एजेंसी के अगस्त के अंत तक स्थापित होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए से संबंधित है। बीसीसीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को पेशेवर बनाना और अधिक आयु के खिलाड़ियों के इस प्रणाली में प्रवेश करने की किसी भी संभावना को समाप्त करना है।

## कोको गॉफ को हराकर म्बोको क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** शनिवार रात खेले गये मुकाबले में कनाडाई किशोरी म्बोको ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। विश्व में 85वें स्थान पर काबिज म्बोको ने गॉफ को एक घंटे दो मिनट चले मुकाबले में हराया। म्बोको का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला स्पेन की जेसिका बोउजास मानेरो से होगा, जिन्होंने चीन की लिन झू को 7-5, 6-1, 6-2 से हराया। यह मैच वर्षा से बाधित था और मध्य रात्रि से ठीक पहले समाप्त हुआ। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि आज जीतकर मैं सचमुच बहुत खुश हूं।

# दुबई-अबुधाबी एशिया कप के आयोजन स्थलों में शामिल




● **19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 19 मैच शामिल है, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी**

**दुबई, वार्ता।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने सितंबर में होने वाले एशिया कप के आयोजन स्थलों के रूप में दुबई और अबु धाबी की पुष्टि की है। इसने मैचों के समय की भी घोषणा की है, जो यूएई समयानुसार शाम 6 बजे शुरू होंगे, यानी भारत में शाम 7:30 बजे भारतीय दर्शकों के लिए प्राइम-टाइम देखने का समय।

यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक चलेगा। 19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में, जिसमें 19 मैच शामिल हैं, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी। 15 सितंबर को दो मैच निर्धारित हैं यूएई बनाम ओमान और उसके बाद श्रीलंका बनाम हांगकांग। पहला मैच स्थानीय समयानुसार शाम 4:30 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे) शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच सामान्य समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। परिणामस्वरूप, दोनों मैचों के कुछ हिस्से अनिवार्य रूप से एक-दूसरे से टकराएंगे। भारत के लीग मैच 10 सितंबर (यूएई के विरुद्ध), 14 सितंबर (पाकिस्तान के विरुद्ध) और 19 सितंबर (ओमान के विरुद्ध) निर्धारित हैं। यह मानते हुए कि भारत और पाकिस्तान अपने ग्रुप में शीर्ष दो टीमें रहेंगी, वे 21 सितंबर को सुपर 4 चरण में फिर से आमने-सामने होंगी। भारत के शेष सुपर 4 मैचों की तारीखें लीग तालिका में उनकी स्थिति पर निर्भर करेंगी। स्थानों और समय की घोषणा करते हुए, एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि एसीसी टी20 एशिया कप के स्थान और मैचों का समय घोषित कर दिया गया है! खचाखच भरे स्टेडियमों और कुछ रोमांचक मुक.ाबलों का बेसब्री से इंतजार है। एसीसी ने एक बयान में कहा कि साल के सबसे बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंटों में से एक में शीर्ष एशियाई क्रिकेट देशों के बीच मुकाबला होने के साथ, यह घोषणा टूर्नामेंट की तैयारियों में एक बड़ा कदम है। प्रतिष्ठित स्टेडियमों से लेकर उत्साही प्रशंसकों तक, पूरे महाद्वीप में रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफग़ानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग, आठ टीमों ने टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# भारत के ओलंपिक भविष्य को आकार देने की कवायद तेज

● **कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग एकजुट हुए**

**हैदराबाद, वार्ता।** दिग्गज कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग भारतीय खेलों के लिए अपनी तरह की पहली प्रशासनिक पहल में एक साथ आए हैं। इस एकीकृत दृष्टिकोण का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को मज़बूत करना, बुनियादी ढांचे का अनुकूलन करना और मज़बूत, समग्र खेल विकास के लिए उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। एथलीटों के लिए स्पष्ट मार्ग बनाकर और राज्य की प्रगतिशील खेल नीति के साथ तालमेल बिठाकर, यह पहल तेलंगाना को भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं में सबसे आगे रखती है और एक राष्ट्रव्यापी खेल क्रांति की अगुवाई करती है। ये खेल जगत के दिग्गज, प्रमुख प्रशासकों और उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ मिलकर तेलंगाना खेल विकास कोष (टीएसडीएफ) के नवगठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का गठन करते हैं। यह अग्रणी सार्वजनिक-निजी मॉडल जमीनी स्तर की प्रणालियों को मजबूत करने, विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भारत के अगली पीढ़ी के चैंपियनों को तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय खाका तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बोर्ड जमीनी स्तर के खेल ज्ञान को संस्थागत और कॉर्पोरेट विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, जिसमें आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष डा. संजीव गोयनका जैसे प्रभावशाली नेता शामिल हैं।

# आईपीएल-2026 में खेलेंगे धोनी

**चेन्नई, वार्ता।** इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद, तूफानी कप्तान एम एस धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी



● **कहा: ऋतुराज गायकवाड़ कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे**

क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। तो, अब हम काफी व्यवस्थित हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, धोनी ने कहा कि रुतुराज गायकवाड़ की वापसी से आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी मजबूत होगी। गायकवाड़ पांच मैच खेलने के बाद कोहनी की चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए थे। धोनी ने सीएसके की कप्तानी संभाली, लेकिन टीम की किस्मत नहीं बदल सके( टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ सबसे निचले पायदान पर रही और लगातार बल्लेबाजी करने के लिए संघर्ष करती रही। धोनी ने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। इसलिए, अब हम पूरी तरह से व्यवस्थित हैं।

धोनी ने कहा कि टीम इस साल के अंत में होने वाली मिनी-नीलामी में अपनी टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (सीएसके) आईपीएल 2025 में कोई ढिलाई बरती। लेकिन कुछ खामियां थीं जिन्हें हमें दूर करना था। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। कुछ खामियां हैं, और हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। गायकवाड़ का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 8 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ सीएसके का मैच था।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग में शुरुआती संदेशवाहकों डाकियों को दी गई श्रृद्धांजलि

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण के मिशन को जारी रखते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने इंडिया पोस्ट के साथ साझेदारी में आज देश भर के 6000 स्थानों पर आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 34वें संस्करण में शुरुआती संदेशवाहकों, डाकियों को श्रृद्धांजलि दी गई। आज आयोजित इस 34वें संस्करण में दशकों से लोगों, स्थानों और कहानियों को जोड़ने वाले भारत के डाकियों, देश के मूल साइकिल चालकों को श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय डाक ने अपने 1-5 लाख से अधिक डाकघरों के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में साइक्लिग अभियान का आयोजन किया। लगभग 3000 नमो फिट इंडिया क्लबों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। अपनी खाकी वर्दी और साधारण साइकिलों के साथ, भारत के डाकिया फिटनेस, विश्वास और साम.ुदायिक सेवा के शाश्वत प्रतीक बन गए हैं। आज, राष्ट्र ने उनकी विरासत का सम्मान किया और उनके साथ साइकिल चलाई। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सुबह सात बजे आयोजित इस कार्यक्रम में शौकिया साइकिल चालकों और भारतीय डाक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विंडीज ने पाक को हराया

● **पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर वेंस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर की**

**लॉडरहिल, वार्ता।** जेसन होल्डर (चार विकेट/16 रन ) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी कर ली है।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 26 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ऐलेक ऐथनेज (दो) और जेवेल एंड्रयू (12) रन बनाकर आउट हुये। शरफेन रदरफोर्ड (छह),कप्तान शाई होप (21), रॉस्टन चेज (16), केसी कार्टी (तीन) और रोमारियो शेफर्ड (15) रन बनाकर आउट हुये। गुडाकेश मोती ने 20 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 28 रन बनाये। जेसन होल्डर ने 10 गेंदों में एक चौके और एक छक्का लगाते हुए 16 रनों की नाबाद मैच विजयी पारी खेली। होल्डर ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शमार जोसेफ दो रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 135 रन बनाकर दो विकेट से मुक.ाबला जीत लिया। जेसन होल्डर को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम आयूब ने दो विकेट लिये।

शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरी: जायसवाल

● **जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं, तो मेरी कोशिश यही रहती है कि मैदान पर ज्यादा से ज्यादा समय गुजारूं**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में 118 रनों की पारी खेलकर भारत को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि वह अपनी पारी को और बड़ा करना चाहते थे लेकिन अंत में वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

जायसवाल ने तीसरे दिन के खेल के बाद मीडिया से कहा कि मैं और बेहतर करना चाहता था, मैं इससे बड़ी पारी खेलना चाहता था। अगर ऐसा होता तो मैं कुछ और भी हासिल कर सकता था। लेकिन ठीक है, मैंने इसके लिए काफी मेहनत की थी और मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरी कोशिश यही रहती




है कि जितना संभव हो सके उतनी देर बल्लेबाजी कर सकूं और मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हूं। जायसवाल ने दो शतक और दो अर्द्धशतक के साथ इस सीरीज में कुल 411 रन बनाए। ओवल में लगाया जायसवाल का शतक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उनका चौथा शतक भी है। जायसवाल ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों और कोच से उन्हें यही फीडबैक मिला था कि वह लगातार मेहनत करते रहें और उन्होंने कहा कि वह खुद भी यह मानते हैं कि इस खेल में निरंत.रता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। जायसवाल ने कहा कि फीडबैक यही है कि लगातार मेहनत करते रहना है और जैसा कि हम सभी करते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं और हर दिन बेहतर करने का प्रयास करते हैं। मेरा मानना है कि क्रिकेट निरंतरता का खेल है तो हम यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करते हैं कि हम अभ्यास सत्रों में कड़ी मेहनत करें। ताकि जब हम मैदान में उतरें तो खेल हमारे लिए आसान हो जाए। हम काफी मेहनत कर रहे थे। हमें पता है कि हम कैसे शॉट्स खेल सकते हैं और मुझे लगता है कि एक ही चीज को लगातार निरंतरता से करता रहना बेहद जरूरी है। जायसवाल का यह पहला इंग्लैंड दौरा भी था और उन्होंने कहा कि इस दौरे से उन्हें बतौर खिलाड़ी काफी कुछ सीखने को मिला है जिन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। जायसवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि जरूरी यह है कि मैं कैसे चीजों से लड़ता हूं। मेरी मानसिकता यही रहती है कि जैसी भी परिस्थिति सामने हो उनसे लड़ूं और खेल का लुत्फ उठाऊं। मैं अपने आप को यही समझाता हूं कि अंत में यह एक खेल है और इसका लुत्फ उठाना जरूरी है। इस दौरे से मैंने काफी कुछ सीखा है, मैं हर चीज तो नहीं बता सकता लेकिन मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक तौर पर इस सीरीज में मैंने काफी कुछ सीखा है और जिस तरह से मैंने और पूरी टीम ने पिछले दो महीने से मेहनत की है और इंग्लैंड सीरीज का लुत्फ लिया है वो काबिले तारीफ है।

# श्रीशंकर ने जीता कोसानोव मेमोरियल-2025 एथलेटिक्स मीट में लांग जंप का खिताब




**कजाकिस्तान, वार्ता।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने कोसानोव मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों लॉन्ग जंप का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को 26 वर्षीय भारतीय एथलीट ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज लेबल (कैटेगकी सी) मीट में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने पहले प्रयास में ही 7.94 मीटर की विजयी छलांग लगाई। चोट से वापसी के बाद से यह उनकी तीसरी जीत है। फिलीपींस के जैनरी उबास 7.53 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अजरबैजान के नाजिम बाबायेव 7.48 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पिछले साल अप्रैल में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद श्रीशंकर की यह तीसरी एथलेटिक्स प्रतियोगिता थी। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और इस कारण पिछले साल फ्रांस में होने वाले ग्लोबल ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बाद भी

# चुनावी साख का सवाल

एसआईआर को लेकर न चुनाव आयोग पीछे हटता दिखाई दे रहा है न विपक्ष, संसद भी ठप पड़ी हुई है। वहां पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही, क्योंकि जो विपक्ष चाहता है उस प्रक्रिया पर स्वतंत्र रूप से बहस हो, तो वहीं सत्ता पक्ष चुनाव आयोग को निष्पक्ष संस्था बताकर बहस से पल्ला झाड़ रहा है, उसका कहना है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक स्वतंत्र संस्था है, उसके ऊपर संसद में बहस नहीं हो सकती। बड़ी अजीबोगरीब गुत्थी उलझी हुई है। इससे स्थिति और जटिल होती जा रही है। कांग्रेस नेता एवं सांसद सौरव गोगोई का कहना है कि सरकार का यह कहना कि चुनाव आयोग किसी विभाग के अंतर्गत नहीं आता, इसलिए इस पर चर्चा नहीं हो सकती बेतुकी बाते हैं। जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पीएम और सरकार करते हैं, तो ऐसे में जवाबदेही भी बनती है। उनका कहना है कि जब विपक्ष यह चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में चर्चा हो तो सरकार क्यों टाल मटोल कर रही है। जाहिर है इससे जनता के मन में चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होता है। बात बिल्कुल सही है, आखिर जब विपक्षी दलों और जनता का ही भरोसा चुनाव आयोग पर नहीं रहेगा, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव के परिणामों पर जनता कैसे विश्वास कर पाएगी। निश्चित रूप से इस तरह के हालात से जो स्थिति पैदा होगी वह हमारे लोकतंत्र के लिए बेहद घातक हो सकती है। इस तरह की बातों से लोकतंत्र कदापि मजबूत नहीं होता। भले ही हम इस बात का दंभ भरते रहें कि हम दुनिया में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन हमारे लोकतंत्र की साख इस तरह की बातों से बुरी तरह प्रभावित होती है। देखने में भी आ रहा है कि चुनाव आयोग कुछ वर्षों से उस तरह काम नहीं कर रहा है जिस तरह एक लोकतांत्रिक देश में करना चाहिए और अब तो हालात ऐसे हो चले हैं कि चुनाव आयोग और तमाम विपक्ष सड़क से लेकर संसद और संसद से लेकर कोर्ट तक हल्ला काटे हुए हैं, लेकिन चुनाव आयोग अपनी बात से टस से मस होता दिखाई नहीं दे रहा है। आखिर कोई भी प्रक्रिया कितनी भी अच्छी और मजबूत क्यों न हो, अगर उसमें लोगों का भरोसा नहीं है तो उसकी अच्छाई और मजबूती का कोई मतलब नहीं रह जाता। चुनाव आयोग को यह समझना ही होगा। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह तमाम राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आगे बढ़े न कि उनसे उलझे। कोई भी अकेला आदमी सबकुछ ठीक नहीं कर सकता, सबके सहयोग से ही ठीक किया जा सकता है। चुनाव आयोग को किसी का भी प्रतिद्वंद्वी नहीं बनना चाहिए। यही बात सरकार पर भी लागू होती है। सरकार चलाना और चुनाव प्रक्रिया दोनों अलग चीजें हैं। संविधान ने उसे सरकार से पृथक शक्ति इसलिए ही दी थी, ताकि वह किसी के दबाव में काम न करे। आज सबकुछ उलट हो रहा है। सबसे बड़ी खामी तो उस चुनाव प्रक्रिया में आ गई, जिसके तहत मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होती है। जिस तरह सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस प्रक्रिया से बहाल किया गया, यह तभी तय हो गया था कि चुनाव आयुक्त वही बनेगा, जिसे सरकार चाहेगी।

## दुष्कर्मियों को संरक्षण न दें भाजपा सरकारें



जहां भाजपा सरकार है, वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम एचडी देवगोड़ा के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं, श्री मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं, 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिंदा जला दिया, बच्ची को दिल्ली एम्स लाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया, बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था, ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट





वाहिद नसीम

अर्थव्यवस्था युद्ध बन चुकी है, और कर्ज नए टैंक हैं। यह बात सिर्फ एक मुहावरा नहीं है, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की उस रणनीति का सार है, जिसे दुनिया अब धीरे-धीरे समझ रही है।

**ट्रंप की टैरिफ थ्रेट नीति**

यानी जो देश चीन या ब्रिक्स की ओर झुके, उन पर भारी व्यापारिक कर लगाओ यह केवल वाणिज्यिक हथियार नहीं, बल्कि IMF और वर्ल्ड बैंक के पुराने औपनिवेशिक वित्तीय मॉडल का नया संस्करण है। ट्रंप और उनके सलाहकार जानते हैं कि अमेरिकी बाजार को खो देना, अमेरिका की आधी शक्ति को गंवा देना है। इसलिए जो देश डॉलर से हटकर युआन, रुपये या डिजिटल ब्रिक्स मुद्रा की तरफ बढ़ते हैं, उन्हें कर्ज, प्रतिबंध, या युद्ध की धमकी के जरिए वापस खींचा जा रहा है।

आज अमेरिका और यूरोप के औद्योगिक क्षेत्र तेजी से पराजय की ओर बढ़ रहे हैं। जर्मनी की कार फैक्ट्रियां एशिया की सस्ती बैटरी से हार रही हैं, ब्रिटेन की स्टील मिलें सस्ते रूसी-चीन उत्पादों से जूझ रही हैं। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ रणनीति असल में वक्त खरीदने की कोशिश है ताकि अमेरिका नए उत्पादन हब तैयार कर सके, और ब्रिक्स की गति को धीमा किया जा सके, लेकिन महंगाई, डॉलर के लिए अब सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अमेरिकी घरेलू बाजार की महंगाई ट्रंप की नीति का सबसे आत्मघाती परिणाम साबित हो रही है, जिसका आर्थिक व राजनीतिक नुकसान अमेरिका को ही झेलना पड़ेगा।

**कर्ज और कब्जा-ट्रंप और यहूदी बैंकिंग लॉबी का समझौता**

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गईं, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।

**सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गई, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।**

तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका-1945 की पुनरावृत्ति उलटी दिशा में। 1945 में अमेरिका ने हिरोशिमा-नागासाकी में परमाणु हमला कर दुनिया को अमेरिकी राज के अधीन कर दिया था, लेकिन अब, इतिहास पलट रहा है। अगर तेल अवीव-लंदन लॉबी और यहूदी वित्तीय अभिजात वर्ग ने ट्रंप के जरिए रूस-चीन को तीसरे विश्व युद्ध में घसीट लिया। तो यह नया 1945 बन सकता है, लेकिन इस बार रूस और चीन का अधिपत्य होगा, क्योंकि यूक्रेन में रूस ने नाटो के हथियारों को थका दिया, और गाजा में इजराइल की सैन्य अपराजेयता का भ्रम टूट गया। अब चीन और रूस के पास नए हथियार नई तकनीक और नई वैचारिक धार है, जो पश्चिम के मूल्य आधारित व्यवस्था को मटियामेट कर सकती है।

ब्रिक्स अब यह समझ चुका है कि युद्ध केवल गोली से नहीं, ऋण और व्यापार से भी लड़ा जा रहा है, यदि ब्रिक्स में कोई देश बना रहना चाहता है या शामिल होना चाहता हो तो उसे अपनी मुद्रा, अपने बाजार, और अपने गठबंधनों को धार्मिक-मूल्य आधारित युद्धों से दूर रखना होगा और अरब किंगडम्स को भी समझना होगा कि इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका अब विश्वसनीय छतरी नहीं है, क्योंकि अब छत्र बन चुका है चीन-रूस, जो दुनिया को न केवल हथियारों में, बल्कि विचारों में भी पुन बदलाव का मौका दे रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीति और कूटनीतिक चालों पर बारीक नजर रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# छाया मंत्रिमंडलः विपक्ष की राजनीति में जिम्मेदारी

**यह दृष्टिकोण आलोचना से कहीं आगे जाकर जनता को यह भरोसा दिलाता है कि विपक्ष न केवल विरोध कर रहा है, बल्कि शासन की जिम्मेदारी के लिए भी तैयार है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक, पश्चिम बंगाल में भाजपा, केरल में कांग्रेस गठबंधन इन सभी राज्यों में विपक्ष के बड़े दल हैं। इन राज्यों में भी विपक्ष अपने-अपने स्तर पर छाया मंत्रिमंडल का गठन करके यह दर्शा सकता है कि वह राज्य की जनता के लिए केवल नारे नहीं, समाधान भी प्रस्तुत कर सकता है।**



वीरेश तरार

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसमें सत्ता का कोई रूप स्थाई नहीं होता। कल जो विपक्ष में था, वह आज सरकार चला सकता है और जो सरकार में है, वह कल विपक्ष की भूमिका निभा सकता है, लेकिन इस आवागमन का आधार केवल विरोध नहीं, बल्कि विकल्प होना चाहिए। एक रचनात्मक विकल्प, जो यह दिखा सके कि विपक्ष यदि आज सत्ता में होता, तो वह जनता की समस्याओं को कैसे हल करता। इसी जरूरत को दुनिया के कई परिपक्व लोकतंत्रों ने एक सुव्यवस्थित तरीके से समझा और उसे अपनाया छाया मंत्रिमंडल या शैडो केबिनेट के रूप में।

छाया मंत्रिमंडल का विचार पहली बार औपचारिक रूप से ब्रिटेन में स्थापित हुआ। वहां की संसदीय प्रणाली में, जब कोई पार्टी सत्ता में आती है, तो मुख्य विपक्षी दल अपने वरिष्ठ नेताओं को सरकारी मंत्रालयों के समकक्ष श्छाया मंत्रीश के रूप में नियुक्त करता है। जैसे सरकार का एक गृह मंत्री होता है, वैसे ही विपक्ष का 'शैडो होम सेक्रेटरी' होता है। यह छाया मंत्री न केवल संबंधित विभाग की नीतियों और फैसलों की निगरानी करता है, बल्कि लगातार यह बताता भी है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में होती, तो वह इन मुद्दों को कैसे हल करती।

ब्रिटेन में लेबर पार्टी और कंजरवेटिव पार्टी के बीच सत्ता का आना-जाना आम बात है, और छाया मंत्रिमंडल की यह प्रणाली इस लोकतांत्रिक परिपक्वता की रीढ़ बन गई है। यह केवल एक संस्थागत परंपरा नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र में जवाबदेही की एक सशक्त मिसाल है। इस परंपरा के कारण विपक्ष केवल आलोचक नहीं, बल्कि संभावित प्रशासक की भूमिका में रहता है। और यही उसे जनता के बीच एक विकल्प के रूप में स्थापित करता है। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया और जमैका जैसे देशों में भी छाया मंत्रिमंडल की परंपरा मौजूद है। इनमें से अधिकांश देशों ने ब्रिटिश संसदीय प्रणाली को आधार मानकर यह प्रणाली अपनाई है। इन देशों में जब सरकार बदलती है, तो अक्सर छाया मंत्रिमंडल के प्रमुख सदस्य ही नए मंत्रिमंडल में असली मंत्री बन जाते हैं। इस प्रकार छाया मंत्रिमंडल न केवल शासन की तैयारी करता है, बल्कि जनता को यह भरोसा भी देता है कि विपक्ष जिम्मेदार और तैयार है।

भारत में अब तक छाया मंत्रिमंडल का कोई औपचारिक ढांचा नहीं बन पाया है। संविधान में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही संसद में इसके लिए कोई अधिकारिक प्रक्रिया है। विपक्षी दल कभी-कभार किसी मसले पर प्रवक्ता नियुक्त करते हैं, या कुछ नेता कुछ विषयों पर ज्यादा मुखर होते हैं, लेकिन इसे संगठित और नीति-आधारित ढांचे का स्वरूप नहीं मिल पाता। यह स्थिति उस समय और विडंबनापूर्ण लगती है जब हम देखते हैं कि हमारे देश में नीतिगत विमर्श की जगह बयानबाजी, विरोध, सड़कों पर प्रदर्शन और संसद में हंगामे ने ले ली है। विपक्ष के पास न केवल यह अधिकार है कि वह सरकार की आलोचना करे, बल्कि यह जिम्मेदारी भी है कि वह जनता को यह दिखाए कि उसका दृष्टिकोण क्या है, उसका समाधान क्या है। और इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए छाया मंत्रिमंडल एक अत्यंत प्रभावी साधन हो सकता है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा विपक्षी दल है। पिछले कई वर्षों से वह सत्ता से बाहर है, लेकिन इस दौरान उसने नीतिगत विपक्ष के रूप में अपनी छवि को बहुत कम ही निखारा है। उदाहरण के लिए, वर्तमान समय में प्रदेश में माध्यमिक स्कूलों की बंदी, निजी विद्यालयों की मनमानी फीस, और ग्रामीण शिक्षा की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दे उभरकर सामने आए हैं। अगर समाजवादी पार्टी अपना छाया शिक्षा मंत्री नियुक्त करती, और यह बताती कि उनकी सरकार होती तो वे शिक्षा व्यवस्था को किस रूप में संचालित करते, तो जनता को एक वैकल्पिक मॉडल देखने को मिलता। ऐसे ही प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, किसान आत्महत्याएं, नगर निकायों की अराजकता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भी छाया मंत्रिमंडल के माध्यम से विपक्ष अपनी नीतिगत सोच को सामने ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिसका दोस्त अमेरिका, उसे दुश्मन की क्या जरूरत





तनवीर जाफरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प शांति का नोबल पुरस्कार लेने की फिराक में तो जरूर हैं परन्तु उनके फैसले व बयानों से यही नजर आ रहा है गोया उन्होंने पूरे विश्व को अशांत व विचलित करने का ठेका ले रखा है। खासकर चूंकि वे स्वयं एक व्यवसाई पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हैं इसलिए उनके अनेक फैसलों व बयानों में व्यवसायिकता का भाव साफ देखने को मिलता है।

इत्तेफाक से यही डोनाल्ड ट्रम्प 2017 से 2021 के अपने पहले कार्यकाल के दौरान झूठ बोलने व भ्रामक दावे करने का भी शविश्व कीर्तिमान श बना चुके हैं। अमेरिकी प्रतिष्ठित समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में कुल 30,573 झूठे या भ्रामक दावे किए थे। यानी उन्होंने औसतन प्रतिदिन लगभग 21 झूठे दावे किए थे। 2021 में राष्ट्रपति भवन से उनकी बिदाई कितनी हिंसक व शर्मनाक थी यह भी दुनिया ने देखा था।

बहरहाल उनकी दक्षिणपंथी सोच के चलते एक बार फिर अमेरिकी जनता ने उन्हें निर्वाचित कर लिया है परन्तु इस बार वे कुछ अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं। जहां वे विश्व शांति दूत बनने की फिराक में युद्ध रत देशों के बीच युद्ध विराम करने वाले एक महान शांतिप्रिय नेता के रूप में स्वयं को स्थापित करना चाह रहे हैं वहीं अपनी व्यवसायिक मानसिकता के कारण वे युद्धग्रस्त देशों को शस्त्रों की आपूर्ति करने में भी पीछे नहीं हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने इस दूसरे कार्यकाल में टैरिफ बम छोड़ कर भी अनेक देशों को विचलित कर दिया है। खबरों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अब तक 92 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर चुके हैं जो संभवतः 7 अगस्त 2025 से लागू होंगे। विभिन्न देशों पर अलग-अलग कारणों से टैरिफ लगाने के अतिरिक्त इसी सन्दर्भ में पिछले दिनों उन्होंने भारत व रूस को लेकर जो गैर जिम्मेदाराना बातें कहीं वह पूरी तरह असत्य व असभ्य थीं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई 25 को सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था कह डाला। उन्होंने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल व सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने तक की घोषणा कर डाली। यह कदम भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों, विशेष रूप से रूस से भारत के तेल आयात और सैन्य खरीद के कारण उठाया गया। ट्रंप की सोच है कि भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अमेरिका के व्यापारिक हितों के खिलाफ हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को ब्रिक्स समूह का हिस्सा होने के कारण भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार में चुनौती देता है।

इसी सन्दर्भ में ट्रंप ने भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी, खासकर रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है, लेकिन दोनों देश अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को और नीचे ले जा सकते हैं। यह बयान भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका की नाराजगी को दर्शाता है, विशेष रूप से जब अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने भले ही मृत अर्थव्यवस्था Dead economy बताने पर ट्रंप को कोई माकूल जवाब नहीं दिया परन्तु रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने जरूर ट्रंप को धमकी भरा जबरदस्त जवाब दे दिया। मेदवेदेव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि ट्रम्प को अपनी पसंदीदा फिल्म द वॉकिंग डेड याद करनी चाहिए और यह सोचना चाहिए कि डेड हैंड कितना खतरनाक हो सकता है। दरअसल डेड हैंड शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की एक स्वचालित परमाणु हथियार नियंत्रण प्रणाली थी, जो बड़े पैमाने पर रूसी नेतृत्व के नष्ट होने पर भी स्वचालित रूप से परमाणु हमला शुरू कर सकती है। मेदवेदेव ने ट्रम्प को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि रूस की ताकत को कम न आंकें। मेदवेदेव की यह चेतावनी ट्रंप के रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को मृत करार देने तथा यूक्रेन युद्ध को 10 दिन में समाप्त करने की समय सीमा निर्धारित करने के जवाब में थी।

उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने भी पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की डेड हैंड चेतावनी के जवाब में रूस के निकटवर्ती क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दे दिया है। ट्रंप ने मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों का हवाला देते हुए कहा कि यह कदम एहतियाती है ताकि ऐसी बयानबाजी को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि यह पनडुब्बियां परमाणु हथियारों से लैस हैं या केवल परमाणु ऊर्जा से संचालित हैं परन्तु ट्रंप की इस घोषणा ने पूरे विश्व को चिंतित जरूर कर दिया है। रूस की ओर से भी यह बता दिया गया है यह दोनों ही अमेरिकी पनडुब्बियां उसके निशाने पर हैं। गोया दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। सवाल यह कि राष्ट्रपति ट्रंप को किसी देश की अर्थ व्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था कहने का क्या अधिकार है? वैसे भी विश्व बैंक, आईएमएफ सहित और भी कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.7 प्रतिशत अनुमानित की है। यह जीडीपी वृद्धि दर अमेरिका की 1.9 प्रतिशत की तुलना में कहीं ज्यादा है। इन आंकड़ों से ही पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था मृत नहीं बल्कि जीवंत है और साथ ही यह प्रति व्यक्ति आय कम होने के बावजूद यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भी एक है। सच पूछिए तो आज यूक्रेन भी जिस बुरे दौर से गुजर रहा है उसका कारण भी यूक्रेन को दिया जाने वाला अमेरिकी व नाटो समर्थन ही है। यानी यूक्रेन, अमेरिका की दोस्ती का नतीजा भुगत रहा है और अमेरिका यूक्रेन का साथ देने के बजाए इसमें भी व्यवसाय कर रहा है। इसी तरह पिछले दिनों ईरान ने अमेरिका के घनिष्ठ मित्र देश इस्राईल को धूल चटा डाली। हां, युद्ध के आखरी दिनों में अमेरिका ने ईरान में मामूली बंबारी कर इस्राईल को यह जरूर जता दिया कि घबराओ मत, हम तुम्हारे साथ हैं परन्तु तब तक ईरान ने तेल अवीव के बड़े हिस्से को खंडहर बना दिया था। इसी तरह याद कीजिए 1971 के वह दिन जब अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता के रूप में अपना सातवां युद्ध पोत भेजने का दिलासा दिया था। वह सातवां बेड़ा तो पहुंचा नहीं परन्तु इंदिरा गांधी के सबल व कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो टुकड़े जरूर कर दिए। आज फिर अमेरिका उसी भारत विरोधी पाकिस्तान को हर तरह से शह देने की नीति पर चल रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि जिसका दोस्त अमेरिका हो उसे दुश्मन की जरूरत ही क्या है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिकी राष्ट्रपति का अजब-गजब अंदाज

# ट्रम्प-फोबिया

## 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे

- टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर लिया यू-टर्न
- कोर्ट 200 से ज्यादा फैसलों पर लगा चुका है रोक
- यूक्रेन और गाजा को लेकर भी अनिश्चितता बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को सत्ता में आए 194 दिन ही हुए हैं, लेकिन उनका यह कार्यकाल उथल-पुथल और यू-टर्न से भरा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा अस्थिरता टैरिफ नीतियों में दिखी है। अब तक ट्रम्प टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर यू-टर्न ले चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने अब तक रिकॉर्ड 178 एग्जीक्यूटिव आर्डर साइन किए हैं, यानी हर एक दिन लगभग एक नया आदेश दिया है।

इनमें से 34 फैसले ऐसे हैं जो खुद ट्रम्प ने पलटे हैं। उदाहरण के तौर पर, रिसर्च फंडिंग पर रोक के आदेश को महज 3 दिन में ही पलटा गया। गैस और ऊर्जा क्षेत्र में दी गई राहतों को वापस लेने के फैसले पर भी दो हफ्ते बाद यू-टर्न ले लिया। अवैध प्रवासियों पर क्रैकडाउन से लेकर, टैरिफ और एलजीबीटीक्यू के अधिकारों तक, ट्रम्प ने अपने आदेशों से कई बार यू-टर्न लिया है। ट्रम्प के यू-टर्न के चलते सबसे ज्यादा भ्रम इंडस्ट्री वर्ल्ड में है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद सोमवार देर रात कई एग्जीक्यूटिव आर्डर पर दस्तखत किए थे। इन फैसलों की तेजी और विरोधाभास का नतीजा यह है कि अदालतों में ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ केस की बाढ़ आ गई है। अमेरिका की संघीय अदालतों पर अचानक फैसला-पलटने और कानूनी विरोध का दबाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नाम पर जो फैसले लिए, उन पर यू-टर्न लेकर प्रशासन को उलझन और जनता को भ्रम की स्थिति में डाल दिया है। ट्रम्प के बिना सोचे-समझे लिए फैसलों पर कोर्ट भी सख्त है। कोर्ट अब तक ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ दायर याचिकाओं में 200 से ज्यादा मामलों पर स्टे लगा चुका है। इनमें से अधिकांश केस में संघीय अदालतों ने हस्तक्षेप कर नीतियों को असंवैधानिक या जल्दबाजी में लिया गया पाया। उदाहरण के तौर पर बर्थ-राइट सिटिजनशिप को समाप्त करने की कोशिश पर कई फेडरल जजों ने तत्काल रोक लगा दी।



### गाजा में 24 घंटे में युद्ध खत्म करने का किया था वादा

**डोनाल्ड** ट्रम्प ने गाजा युद्ध को 24 घंटे में खत्म करने को वादा किया था पर राष्ट्रपति बनने के 6 माह बाद भी रोक नहीं पाए। चार फरवरी को गाजा के नागरिकों के पुनर्वास की बात कही। 21 फरवरी को कहा, मैंने ऐसा नहीं कहा। 12 मार्च को फिर पलटे। डिपोर्टेशन-22 जनवरी को अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन का आदेश दिया।

## इजरायली मंत्री ने अल-अक्सा में की प्रार्थना

**तेल अवीव।** इजरायल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने रविवार को यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद के कैंपस में जाकर प्रार्थना की। एक यहूदी संगठन ने इसका वीडियो जारी किया, जिसमें ग्विर कुछ लोगों के साथ मस्जिद कैंपस में घूमते और प्रार्थना करते नजर आए। मक्का और मदीना के बाद अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद है। नियमों के मुताबिक, यहूदी लोग यहां जा सकते हैं, लेकिन प्रार्थना नहीं कर सकते।

सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ता देख इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये नियम नहीं बदले हैं और न ही बदलेंगे। बेन-ग्विर का यह दौरा 'तिशा बाव' के दिन हुआ, इस दिन यहूदी लोग प्राचीन मंदिरों के तबाही की याद में उपवास करते हैं। बेन-ग्विर ने कहा कि उन्होंने गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल की जीत और बंधकों की रिहाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने गाजा पर पूरी तरह कब्जा करने की मांग भी दोहराई। इस परिसर की देखभाल करने वाली संस्था ने बताया कि बेन-ग्विर सहित 1250 लोग वहां गए और कुछ ने प्रार्थना की, नारे लगाए और डांस किया। वहीं, फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू रुदैन ने इस दौरे की निंदा की और इसे 'सारी हदें पार करने वाला' बताया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर अमेरिका से दखल देने और गाजा युद्ध रोकने की मांग की। अल-अक्सा मस्जिद येरुसलम में स्थित है। जार्डन की एक धार्मिक संस्था इस मस्जिद कैंपस को संभालती है। 1967 में इजरायल जंग के बाद जार्डन और इजरायल के बीच एक समझौता हुआ था। इसमें तय हुआ था कि अल-अक्सा मस्जिद के भीतर के मामलों पर जार्डन के इस्लामिक वक्फ ट्रस्ट का कंट्रोल रहेगा।

> अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद, यहां यहूदियों के प्रार्थना करने पर रोक, बेन-ग्विर इजरायल के सबसे विवादित नेता



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच सतर्कता बरतते सुरक्षाकर्मी।

## सिडनी में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन में असांजे शामिल हुए: रिपोर्ट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई कार्यकर्ता और विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे रविवार को सिडनी में फलस्तीनी के समर्थन में आयोजित एक व्यापक प्रदर्शन में शामिल हुए। समाचार पत्र द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार सिडनी के लॉर्ड मेयर क्लोवर मूर और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी क्रेग फोस्टर सहित हज़ारों प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी लोगों के समर्थन में सिडनी हार्बर ब्रिज पर शांतिपूर्वत तरीके से इस प्रदर्शन का आयोजन किया। मेलबर्न में 25000 लोगों के इस फलस्तीनी समर्थक रैली में शामिल होने की रिपोर्टें हैं। गौरतलब है कि पिछले माह के अंत में, ऑस्ट्रेलिया सहित 15 देशों के विदेश मंत्रियों ने फ्रांस और सऊदी अरब की सह-अध्यक्षता में आयोजित एक सम्मेलन के बाद फलस्तीनी को औपचारिक रूप से मान्यता देने का आह्वान किया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 25 जुलाई को, घोषणा की थी कि फ्रांस सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीनी को आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान करेगा।

## गाजा में भूखमरी व नरसंहार को लेकर विरोध प्रदर्शन

### प्रदर्शन के दौरान महिलाएं मुंह पर टेप लगाकर हाथों में तख्तिया लेकर समुद्र के किनारे खड़ी थी

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन में महिलाओं ने मदर्स4गाजा के बैनर तले मौन विरोध प्रदर्शन किया और गाजा में भुखमरी तथा नरसंहार की निदा की। प्रदर्शन के दौरान महिलाए मुंह पर टेप लगाकर समुद्र के किनारे खड़ी थीं और उनके हाथों में तख्तियां थीं जिन पर सामूहिक रूप से 'नरसंहार रोको' लिखा था।

कुछ महिलाओं के हाथों में दुर्बल बच्चों और वयस्कों की तस्वीरें थीं जो कथित तौर पर भोजन और मानवीय सहायता पर इज़रायली नाकेबंदी के कारण भूख से मर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य गाजा में चल रहे मानवीय संकट की ओर ध्यान आकर्षित करना और फलस्तीनी माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता व्यक्त करना था। मदर्स4गाज़ा की सदस्य आइ. रीन नाइट ने कहा कि वे फलस्तीनी में माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता दिखाना चाहती हैं। फलस्तीनी में बहुत तबाही हुई है। बमबारी और भुखमरी हुई है-ये सब इज़रायली शासन के कारण हुआ है' उन्होंने कहा 'लेकिन दुनिया में इसे रोकने की कोई जल्दी नहीं दिखती और हम इसका विरोध करने यहां आए हैं।' उन्होंने पश्चिमी देशों की सरकारों से इज़रायल को धन और हथियार देना बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो सरकारें और संस्थाएं चुप रही हैं और इसमें शामिल रही हैं, उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए। इस नरसंहार को रोकना होगा। इज़राइल को फलस्तीनी का विनाश करने से रोका जाना चाहिए।



## गाजा में भूखमरी व हिंसा की दोहरी मार

> भूख मिटाने गए लोगों पर इजरायल सेना ने बरसाई गोलियां 18 नागरिकों की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा में मानवीय संकट अब और भयावह हो गया है। इजरायली फायरिंग में कम से कम 18 फलीस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें आठ लोग केवल भोजन लेने के लिए मदद केंद्र पर पहुंचे थे। यह गोलीबारी उस समय हुई जब लोग गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्र के पास खाद्य सहायता पाने के लिए जुटे थे। वितरण केंद्र के वितरण स्थल के पास सहायता मांगने आए याहिया यूसुफ ने बताया कि उन्होंने तीन लोगों को गोली लगने के बाद बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि यह अब रोज की कहानी बन गई है।

हर दिन यहां खून और लाशें दिखती हैं। वहीं, एक अन्य व्यक्ति आबेद सलाह ने कहा कि वे सैनिकों के पास भी नहीं गए थे, फिर भी उन पर फायरिंग हुई। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि उनके साइट के पास ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इजरायल की सेना का भी दावा है कि उन्होंने केवल चेतावनी स्वरूप फायरिंग की। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 27 मई से 31 जुलाई तक गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन केंद्रों के पास 859 लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य खाद्य काफिलों के रास्तों में जान गंवा चुके हैं। वहीं, इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 10 अन्य लोगों की मौत हुई, जिनमें एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल थे। यह हमला देइर अल-बलाह और जवादिया के बीच एक घर पर हुआ, जिसमें दो माता-पिता और उनके तीन बच्चे मारे गए। इसके साथ ही खान यूनिस के पास एक टेंट पर हमला कर मां-बेटी को भी मौत के घाट उतार दिया गया। गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए कई देश अब हवाई ड्राप का सहारा ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको के ओक्साका में भूकंप के झटके

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के ओक्साका में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी है। केन्द्र ने बताया कि ओक्साका में अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 17:58: बजे पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र 17.54 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.96 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर 10 किमी की गहराई पर था।

### चीन: इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**नाननिंग।** दक्षिण चीन के गुआंग्शी झुआंग क्षेत्र के वुझोउ शहर में रविवार सुबह एक आवासीय इमारत में आग लगने से पाँच लोगों की मौत हो गई। जिला आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो सूत्रों ने बताया कि शहर के लोंगक्सू जिले में एक पांच मंजिला इमारत के भूतल पर सुबह लगभग 8:30 बजे आग लग गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।

### रूस ने यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने चार घंटे से भी कम समय में कई क्षेत्रों में यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कल देर रात यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा रूस समयानुसार रात आठ बजे से 11:25 बजे के बीच इन ड्रोनों को मार गिराया गया।

### पाक में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद।** पाक के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आतंकियों के हमले में एक पुलिसकर्मी और दो आतंकी मारे गए तथा चार पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 2:30 बजे प्रांत के बन्नू जिले में हुई, जहां आतंकियों ने अचानक पुलिस चौकी पर मध्यम और भारी हथियारों से गोलीबारी कर दी।

## खालिस्तान विरोधी एक्टिविस्ट की अमेरिका में मौत

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी व्यवसाई और खालिस्तानी विचारों के विरोधी सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है।

उनके करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने बताया कि 31 जुलाई को सुखी को एक परिचित ने अपने घर डिनर पर बुलाया था। डिनर के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जसपाल ने बताया कि सुखी पूरी तरह स्वस्थ थे, और उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुखी खालिस्तानी तत्वों की कड़ी आलोचना करते थे और 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम (जनमत संग्रह) का खुलकर विरोध कर रहे थे। सुखी 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम का विरोध कर रहे थे। जिसे लेकर उन्हें धमकियां मिल रही थी। 'द खालसा टुडे' के संस्थापक और सीईओ सुखी को खालिस्तानी समर्थकों से लगातार धमकियां मिल रही थीं।

## पाक ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम का किया समर्थन

### दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु क्षमता विकसित करने के ईरान के अधिकार का समर्थन करता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजे. शिकयन इस्लामाबाद पहुंचे। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से उनके आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि ईरान को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल का अधिकार है। यही मुद्दा हाल ही में ईरान और इस्रा. इल के बीच बढ़ते तनाव की जड़ बना हुआ है। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, पाकिस्तान शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा हासिल करने के ईरान के अधिकार के साथ खड़ा है। शरीफ का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा दे रखा है और वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आपत्ति जता रहा है। जून महीने में इजरायल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के कुछ अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अपना सहयोग रोक दिया था। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ ने ईरान के खिलाफ इस्रा. इली हमलों की निंदा की और कहा कि ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। उन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाइयों की भी आलोचना की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से मुस्लिम देशों से अपील की कि वे वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर ध्यान दें। शरीफ ने बताया कि दोनों देशों ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और ईरान का लक्ष्य सालाना 10 अरब अमेरिकी डालर का व्यापार करना है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर भी बात. चीत की और सीमा पर उग्रवाद से निपटने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।



### ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है: शहबाज शरीफ

## तेल अवीव में विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिवारों ने किया विरोध प्रदर्शन

**यरूशलम।** इजरायल के तेल अवीव में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी 'होस्टेज स्क्वायर' पर एकत्रित हुए और इज़रायली सरकार से एक युद्धविराम समझौता करने का आग्रह किया जिससे गाजा में हमास और अन्य उग्रवादी समूहों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। यह प्रदर्शन इस सप्ताह की शुरुआत में हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा नए वीडियो जारी किए जाने के बाद हुआ, जिसमें इज़राइली बंधक एव्यातार डेविड और रोम ब्रास्लावस्की की हालत बेहद नाजुक दिखाई दे रही है।

## गाजा में अपनी कब्र खोद रहा इजरायली बंधक

**गाजा।** गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर हमास ने कहा है कि वह आजाद फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनने तक हथियार नहीं छोड़ेगा। हमास का 2007 से गाजा पर नियंत्रण है। हमास ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकाफ की बातों का जवाब दे रहे हैं।

विटकाफ ने कहा था कि हमास हथियार डालने के लिए तैयार है। इस बीच, इजरायल पर दबाव बढ़ाने के लिए हमास ने 24 साल के इजरायली बंधक एव्यातार डेविड का दूसरा वीडियो जारी किया। इसमें डेविड काफी कमजा. र और एक गड्डा खोदता हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में डेविड बताते हैं कि मैं अपनी कब्र के लिए गड्डा खोद रहा हूं। शुक्रवार को भी डेविड का वीडियो जारी किया गया था। डेविड के परिवार ने हमास पर क्रूर प्रचार और बंधकों को भूखा रखने का आरोप लगाया। साथ ही इजरायल और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



> अमेरिका के हथियार डालने के दावे पर हमास बोला: आजाद फिलिस्तीनी देश बनने तक लड़ेंगे

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट